ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 11 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-204 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

ऋचा चड्ढा ने तीन महिला उद्यमियों को... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम आज करेंगे वीआईपी गेस्ट हाउस 'पर्यटन विहार' का उद्घाटन

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आज पतरातू डैम के समीप, मध्याह्न 12:00 बजे, भव्य वीआईपी गेस्ट हाउस 'पर्यटन विहार' का उद्घाटन किया जाएगा। समारोह के दौरान पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को इस समारोह में पुरस्कृत भी किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विशिष्ट अतिथि मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार हफीजुल हसन, गणमान्य अतिथि सांसद, हजारीबाग लोकसभा जयंत सिन्हा एवं विधायक, बड़कागाँव विधानसभा अम्बा प्रसाद समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

### हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए सरकार को मिला समय


**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हजारीबाग में फॉरेस्ट की 450 एकड़ जमीन को रैयती बनाकर बेचने की जांच का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग को जांच रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 जून निर्धारित की है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह के समय की मांग की गई थी। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया था कि हजारीबाग में 450 एकड़ की जंगल की जमीन को रैयती जमीन बनाकर 2008 लोगों ने खरीद बिक्री की। वन विभाग की ओर से इस वन भूमि को लेकर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिया गया था।

### सेम-सेक्स मैरिज के खिलाफ राजस्थान : केंद्र

**नई दिल्ली।** भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजस्थान ने समलैंगिक विवाह का विरोध किया है। यह विवाह समानता पर सुनवाई के 9वें दिन आया है। सुप्रीम कोर्ट में देश में समान-लिंग विवाह की कानूनी मान्यता पर बहस जारी है। एसजी मेहता ने अदालत से कहा, जब भी विधायिका द्वारा एक घोषणा की जाती है, तो विधायिका के पास फॉल आउट को नियंत्रित करने की शक्ति होती है। अदालत इस गिरावट का पूर्वाभास करने और उसके बाद निपटने में सक्षम नहीं होगी।

## 'मोका' साइक्लोनः झारखंड में खास असर पड़ने की संभावना कम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे मोका चक्रवाती तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया गया, लेकिन इसका असर झारखंड में नहीं देखने को मिलेगा। ऐसे में राजधानी रांची समेत प्रदेश के अन्य इलाकों में गर्मी से अभी राहत नहीं मिलेगी। राजधानी और राज्य के कुछ हिस्सों में मंगलवार को दिन के दौरान आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिली। वहीं मौसम विभाग के अनुसार खाड़ी में बनने वाले चक्रवातीय तूफान से अगले 3-4 दिनों के दौरान राजधानी समेत झारखंड के प्रभावित होने या फिर बारिश होने की उम्मीद नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान का मौजूदा ट्रेंड जारी रहेगा। इस अवधि के दौरान दिन के तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार दक्षिणी-पूर्वी हिस्सें में चक्रवाती तूफान बनने से पहले ही इसके मार्ग और दिशा परिवर्तन के संकेत मिल गए हैं। अंडमान सागर से लेकर मध्य खाड़ी तक फैला यह गहरा अतिदाब शुरू के कुछ घटों में उत्तर-पश्चिमी दिशा में बढ़ने के बाद विपरीत दिशा की ओर मुड़ जाएगा। मध्य खाड़ी से यह उत्तर-पूर्व की दिशा में बढ़कर आगे बांगलादेश और म्यांमार तट से टकरा कर आगे बढ़ जाएगा। इससे राजधानी समेत झारखंड पर इसका असर कम हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक 10 मई को यह अति गहरा अतिदाब चक्रवातीय तूफान (मोका) में बदल जाएगा। मौसम विभाग रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवातीय तूफान से झारखंड में खास असर पड़ने की संभावना कम है। अगले 3-4 दिनों के दौरान राजधानी समेत झारखंड के प्रभावित होने या फिर बारिश होने की उम्मीद नहीं है।

## नीतीश कुमार ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, विपक्षी एकजुटता पर दिया बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विपक्षी एकता की कवायद के सिलसिले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। बाद में मीडिया से बातचीत में नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोग एकजुट होकर चलेंगे। विपक्ष के अधिकांश लोगों की एकजुटता हो जाए यह कोशिश हो रही है। समाज में झगड़ा नहीं पैदा करना है, सबको एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाना है। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होने कहा कि पूरे देश के इतिहास को ये बदल देंगे इससे देश को बचाना है। देश के विकास के लिए हम सभी मिलकर चलेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का परिणाम देखिएगा न। देश का इतिहास बरकरार रहेगा। उन्होने कहा कि देश में सिर्फ विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है जबकि हकीकत कुछ और है। और लोग भी काम कर रहे हैं लेकिन उनकी चर्चा कम होती है। कुछ ही लोगों का नाम छपता है इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि काफी बातचीत हुई है और आगे भी यह सिलसिला चलता रहेगा। देश की एकता और राज्य की अस्मिता कैसे बची रहे इस पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मार्गदर्शन मिलेगा। इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव झारखंड सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश कुमार ठाकुर, बिहार सरकार में मंत्री संजय झा और राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक, कहा

# रिनपास में बनेगी मेडिको सिटी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मेडिको सिटी, रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने झारखंड मेडिको सिटी की कंसल्टेंसी एजेंसी अर्नेस्ट एंड यंग के प्रेजेंटेशन को देखा और कई अहम निर्देश दिए। साथ ही कहा कि रिनपास, रांची की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। ऐसे में जमीन का उचित इस्तेमाल हो। निवेशकों को उनकी जरूरत के हिसाब से अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दी जाए, इसका विशेष तौर पर ख्याल रखें।

**आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी परिसर में कॉमन यूटिलिटी सर्विस- बिजली, पेयजल, सड़क, ड्रेनेज और सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए आधुनिकतम तकनीकों इस्तेमाल किया जाए। ताकि देश-दुनिया के सामने इसे एक मॉडल मेडिकल शेष पृष्ठ 11 पर

### कुछ ऐसी होगी झारखंड मेडिको सिटी

- रिनपास रांची कि लगभग 76. 34 एकड़ जमीन में झारखंड मेडिको सिटी विकसित होगी।
- पीपीपी मोड पर स्थापित होने वाली मेडिको सिटी में चार से पांच हजार करोड़ रुपये का निजी निवेश होगा।
- झारखंड मेडिको सिटी में 10 से ज्यादा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाए जाएंगे।
- यहां स्थापित होने वाले सभी अस्पतालों में लगभग 5000 बेड की व्यवस्था होगी।
- झारखंड मेडिको सिटी में 7500 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और 22,500 से अधिक लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।
- झारखंड मेडिको सिटी के विभिन्न अस्पतालों में 1100 से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक और 6500 पारा मेडिकल स्टाफ होंगे ।
- यहां से प्रतिवर्ष लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का राजस्व सरकार को मिलेगा।
- मेडिको सिटी में पहले चरण में कार्डियोलॉजी, न्यूरोसाइंस, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, ओपेथोमोलोजी, पल्मनोलॉजी, मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ केयर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, नेफ्रोलॉजी तथा यूरोलॉजी से संबंधित मल्टी स्पेशलिटी सर्विस उपलब्ध होगी।
- यहां इमरजेंसी में मरीजों को एयर लिफ्ट करने के लिए हेलिपैड की भी व्यवस्था होगी।
- मेडिकल मॉल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, फिजिकल थेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन, होटल और सर्विस अपार्टमेंट की भी सुविधा झारखंड मेडिको सिटी में मिलेगी।

## गुमला में अंधविश्वास में बुजुर्ग दंपती की हत्या

### रिश्ते में पोते ने घटना को अंजाम देकर थाने में किया सरेंडर

**लोहरदगा/गुमला।** गुमला जिले में अंधविश्वास में हत्याओं के दौर जारी है। इस क्रम में बुधवार को रिश्ते में एक पोते द्वारा डायन-बिसाही के आरोप में बुजुर्ग दंपती की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी ने हत्या के बाद पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। वहीं, पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बिशुनपुर थाना स्थित हाडुप रीसापाठ गांव में इंद्रनाथ उरांव ने अपने चचेरे दादा तुरी उरांव (55 वर्ष) और दादी नयहरी देवी (50 वर्ष) को डायन - बिसाही के आरोप में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला। घटना बुधवार दोपहर की है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि प्रथम द्दष्टया वृद्ध दंपती की हत्या जमीन विवाद और अंधविश्वास को लेकर हुई प्रतीत होती है। आरोपी इंद्रनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार की दोपहर को तुरी उरांव एवं नयहरी देवी खेत में काम कर रहे थे। तभी इंद्रनाथ की नजर उस पर पड़ गयी। उसने लाठी उठाया और तुरी को बेरहमी से पीटने लगा। यह देखकर नहरी देवी बचाने के लिए दौड़ी, तो उसे भी लाठी से पीटा। दोनों को तब तक पीटते रहे जबतक दोनों मर नहीं गये। दोनों को इंद्रनाथ लाठी से पीटता रहा। सिर पर लाठी से कई बार वार किया गया। इसके बाद आरोपी इंद्रनाथ उरांव ने थाने में आकर सरेंडर कर दिया। आरोपी ने पुलिस के समक्ष बयान दिया कि उसके चचेरी दादा-दादी डायन बिसाही का काम करते थे। वे मेरे सपने में आकर लगातार मुझे भूत-पिशाच कर मारने की धमकी देते थे। उन्होंने मेरी मां को भी जादू-टोना कर मारने की धमकी सपने में दी थी। इससे मैं डर गया और मन में ठान लिया कि हम लोगों को मारने से पहले उन दोनों को ही मार डालूंगा। इसलिए बुधवार को दोनों की हत्या कर दी।

## ईडी ने सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक सहित 13 लोगों को भेजा समन

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक जयंत कर्नाड सहित 13 लोगों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार देर रात समन भेज कर पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है। जिन्हें समन जारी किया गया है, उनमें सीए नरेश केजरीवाल की पत्नी माया केजरीवाल, जयंत कर्नाड को 10 मई, प्रमोद प्रसाद 11 मई, प्रेरणा सोनी 11 मई, हरिशंकर परशुरामपुरिया 11 मई, सचिदानंद प्रसाद 12 मई, शांति साव 12 मई, राजकिशोर साहू 13 मई, दीपशिखा धानुका 13 मई, सपना भारती 13 मई, सुधांशु कुमार 13 मई, संजय कुमार 15 मई और जानकी देवी 15 मई शामिल हैं। ईडी जांच में पाया गया है कि कर्नाड परिवार ने सेना के कब्जे से जमीन वापस लेने और किराया बढ़ाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। इससे जमीन का किराया तो बढ़ा, लेकिन कोर्ट से सेना को संबंधित जमीन से हटाने में कामयाबी नहीं मिली। इस बीच जयंत कर्नाड ने सेना के कब्जे वाली जमीन 13 लोगों को बेच दी। खरीदारों ने म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया, लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं होने के आधार पर बड़गाईं अंचल ने म्यूटेशन आवेदन को खारिज कर दिया।

## कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों पर मतदान खत्म

### पांच बजे तक 65.69 फीसदी हुई वोटिंग

**कर्नाटक।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान बुधवार शाम छह बजे समाप्त हो गया और पांच बजे तक करीब 65.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के मुताबिक अब तक, रामनगर में सबसे अधिक 78.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जबकि बृहद बेंगलुरू महानगर पालिका क्षेत्र (बेंगलुरू शहर के हिस्सा) में सबसे कम 48.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भारतीय शेष पृष्ठ 11 पर

### कर्नाटक: Exit Polls के अनुमान

| एग्ज़िट पोल | BJP | INC | JDS |
|---|---|---|---|
| एशियानेट न्यूज़-जन की बात | 94-117 | 91-106 | 14-24 |
| इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया | 62-80 | 122-140 | 20-25 |
| ज़ी-मैटराइज़ | 79-94 | 103-118 | 25-33 |
| एबीपी सी वोटर | 83-95 | 100-112 | 21-29 |

कुल सीटें- 224, बहुमत- 113

### मेघालय विधानसभा उपचुनाव में 92 प्रतिशत से अधिक मतदान

**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले की सोहियोंग विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बुधवार को 92 प्रतिशत से अधिक ने मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एफ.आर. खारकोंगोर ने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुए उपचुनाव में हिंसा की किसी घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के बाद से पहली बार मतदान करने वाले, युवा और बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह से मतदान किया।चुनाव मैदान में उतरे छह उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए 17,687 महिलाओं सहित 34,783 मतदाता वोट डालने के योग्य थे। गौरतलब है कि मेघालय की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को चुनाव हुआ था। लेकिन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के उम्मीदवार एच. डोनकुपर रॉय लिंगदोह की बीमारी के कारण 20 फरवरी को मृत्यु हो जाने के कारण सोहियोंग में मतदान नहीं हो सका था। उपचुनाव में बहुकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है। यूडीपी ने सिंशार लिंगदोह थबाह, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने समलिन मालनगियांगऔर बीजेपी ने सेराफ एरिक खारबुकी को मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने एस. शेष पृष्ठ 11 पर

### हाई कोर्ट ने डीएमओ रामगढ़ के शपथ पत्र पर

## याचिकाकर्ता को जवाब देने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन एवं अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में जिला खनन अधिकारी (डीएमओ) रामगढ़ ने जवाब दाखिल कर प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। इसका याचिकाकर्ता ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार ने कोयला एवं लौह अयस्क के परिवहन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इस पर कोर्ट ने डीएमओ के जवाब पर याचिकाकर्ता को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह ने पैरवी की। उनकी ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर की ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग एवं 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### समारोह — मुख्यमंत्री ने 107 सहायक लोक अभियोजकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# सीएम ने की वादों के त्वरित निष्पादन की पैरवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में बुधवार को आयोजित समारोह में सहायक अभियोजन सेवा के लिए चयनित 107 सहायक लोक अभियोजकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अब सरकार के अभिन्न अंग के रूप में न्यायिक व्यवस्था से जुड़कर कार्य करेंगे। न्याय कैसे सरल, सुलभ और कम खचीर्ला हो। लंबित वादों का तेजी से कैसे निपटारा हो। गरीबों और आम जनों को कैसे न्याय मिले। इसमें आपकी अहम भूमिका होगी। हेमन्त सोरेन ने सभी नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजकों से कहा कि न्यायिक व्यवस्था में आप पर आम लोगों का भरोसा और विश्वास कैसे बना रहे । यह सब कुछ आपके कार्यों पर निर्भर करेगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपने दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।

**चुनौतियों का करना होगा सामना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पहली बार सहायक लोक अभियोजकों की नियुक्ति हुई है। ऐसे में न्यायालयों में वादों के त्वरित निष्पादन की दिशा में आपके सामने कई चुनौतियां होंगी। सबसे बड़ी चुनौती आपके लिए आमजन और विशेषकर गरीबों को न्याय दिलाना है ।इसके अलावा जो बेगुनाह किसी न किसी वजह से जेलों में बंद हैं, उन्हें कैसे न्याय मिले, इस दिशा में आपकी अहम भूमिका सोने जा रही है।

**लंबित वादों की वजह से जेलों में कैदियों की बढ़ी संख्या :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी इस बात से भलीभांति वाकिफ है कि यहां न्याय मिलने में कितना वक्त लगता है । वर्षों तक अदालतों में मामलों पर सुनवाई होती रहती है। इस वजह से लंबित केसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी वजह से जेलों में भी कैदियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह हमारे देश और हमारे राज्य के लिए बेहतर नहीं है। लोगों को जल्द से जल्द कैसे न्याय मिले इस दिशा में हम सभी को विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है।

**कई गरीब और बेगुनाह आर्थिक अभाव में नहीं लड़ पा रहे मुकदमा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कई गरीब और बेगुनाह लोग पैसे के अभाव में अदालतों का खर्च वह नहीं कर पाते हैं। जिस कारण वे जेलों में ही बंद रहने को मजबूर है। हमारी यही कोशिश हो रही है कि लंबे समय से छोटे-छोटे वादों में जो भी लोग जेलों में बंद हैं, उन्हें रिहा करने की दिशा में सभी कानूनी सुविधाएं सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाए । इस कड़ी में गरीब और जरूरतमंदों को सरकार के द्वारा वकील भी उपलब्ध कराया जा रहा है शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### कुत्ता काटने से छात्रा घायल

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 19के करमनिया ढोड़ा में कुता काट लेने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसकी पहचान 13 वर्षीय चंचला कुमारी पिता रामा राम के रूप में हुई है। जिसे परिजनों ने सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया है। जहां बच्ची को एंटी रैबिज का इंजेक्शन दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार, छात्रा अपने घर से कुछ घरेलू सामान लेने बगल के दुकान में गई थी। वहीं दुकान से वापस आने के क्रम में सड़क पर घूमते एक आवारा कुता ने अचानक बच्ची पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान पांच बाइक जब्त

**विश्रामपुर।** पुलिस ने बुधवार को थाना मोड़ पर विशेष दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे बिना हेलमेट बाइक चला रहे। पांच वाहनों को पुलिस जब्त कर थाना लाई है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के मद्दे नजर यह दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बिना हेलमेट के बाइक चला रहे कुल पांच लोगों की बाइक जब्त कर थाना लाई गई है। जिसे अग्रेतर कार्यवाही हेतु जिला परिवहन विभाग को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगी। मौके पर पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

### आग लगने से गरीब का घर जलकर राख

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के कोनवाई बाजार में नागेश्वरी कुंवर के घर में अचानक आग लग गई। आग से मिट्टी का खपड़ैल घर जलकर राख हो गया। गांव में कोहराम मच गया। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया।

# नाबालिक कि हत्या में शामिल अभियुक्त गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला पुलिस ने कुछ दिन पूर्व खुटी सोत शमशान घाट के समीप मिले शव, भोला टाड़ निवासी 15 वर्षीय शाहिद अंसारी हत्या मामले का उद्भेदन आज कर दिया है। वहीं कांड में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज भी भेज दी है। साथ हत्या में शामिल अन्य अभियुक्तों को पकड़ने हेतु छापेमारी की जा रही है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने में कुछ दिन पूर्व मृतक के पिता जिब्राईल अंसारी के द्वारा थाना में अपहरण का मामला



दर्ज करवाया गया था। वहीं दो दिन बाद नाबालिक बच्चे का शव पुलिस ने खुटी सोत नदी तट से बरामद किया था। जिस पर रेहला पुलिस ने टीम गठित कर जगह-जगह छापेमारी करते हुए, रक्सहा निवासी उपेन्द्र चौधरी पिता कईल चौधरी को थाना लाकर कड़ाई से पूछ ताछ की। जिसमें उपेन्द्र चौधरी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि मेरे साले के पत्नी से मृतक बच्चे कि पिता का अवैध संबंध होने का चर्चा पूरे गांव में है। जिसकी सूचना विकास चौधरी व उपेन्द्र चौधरी को भी थी। जिस कारण जीजा व साला ने बच्चे को बहला फुसलाकर खुटी सोत नदी की तरफ ले जाकर हत्या कर दी। वहीं शव को छुपाने के नियत से दो पत्थर के बीच में डाल दिया था। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नेमधारी रजक, सब इंस्पेक्टर अलखनाथ चौबे शिवा सरदार सहित शस्त्र बल के कई जवान मौजूद थे।

# स्कूल में पानी के अभाव से बच्चे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू ।** जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय घिरसीरी में पेयजल संकट एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इससे विद्यालय में पठन-पाठन कर रहे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया की विद्यालय परिसर में चापानल कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण अध्ययनरत बच्चों समेत मध्यान भोजन के लिए भी पानी की विकट समस्या से गुजरना पड़ रहा है। कई बच्चे हैं जो काफी दूरी तय कर स्कूल आते हैं ऐसे में परिसर मे पेयजल की उपलब्धता नहीं रहना एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

# व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बढ़ रहा है देह व्यापार का धंधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पलामू झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र देह व्यापार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इस व्यापार 15 से 40 वर्ष तक महिलाएं जुड़ी हैं। देह व्यापार का बड़ा नेटवर्क गढ़वा से संचालित हो रहा है। गढ़वा से ही पलामू, लातेहार के साथ-साथ यूपी और छत्तीसगढ़ में जिस्मफरोशी का धंधा संचालित हो रहा है। इस कारोबार से छोटी बच्चियां भी जुड़ गई हैं। ये बच्चियां छत्तीसगढ़, यूपी के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ गढ़वा के भंडरिया, चिनिया, रमकंडा, रंका, मेराल, रमना वहीं लातेहार के बरवाडीह व महुआडांड़ के इलाके की रहनेवाली हैं। बड़ी संख्या में छोटी लड़कियों को मजदूरी करने के बहाने लाया जाता है और इस धंधे में धकेल दिया जाता है। वहीं कई को आर्केस्ट्रा में डांसर बनाने के बहाने इस दलदल में फंसा दिया जाता है। पूरा कारोबार हाईटेक तरीके से संचालित हो रहा है। व्हाट्सएप के माध्यम से यह कारोबार पलामू, गढ़वा और लातेहार में फैला हुआ है। इस संबंध में सेक्स वर्करों के बीच काम करने वाली संस्थाओं का कहना है कि पलामू प्रमंडल में इनका आंकड़ा एक हजार से अधिक है। सभी की एचआईवी जांच करवाई जाती है। दो दर्जन के करीब सेक्स वर्कर एचआईवी पॉजिटिव भी हैं।

# सांसद आज रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव का करेंगे शुभारंभ

### अहले सुबह रेलवे समयानुसार 4. 45 बजे हैदरनगर स्टेशन पर मौजूद रहेंगे सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के सीआईसी रेलखंड के हैदरनगर व उंटारी रोड रेलवे स्टेशन से जुड़े रेलयात्रियों की चिर प्रतिक्षित मांग गुरुवार को अहले सुबह पूरी हो जायेगी। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ.अजय जयसवाल ने बताया कि पलामू के माननीय सांसद विष्णु दयाल राम गुरुवार को अहले सुबह रेलवे समयानुसार 4. 45 बजे हैदरनगर



स्टेशन पर मौजूद रहेंगे। यहां स्थानीय लोगों के अलावे कार्यकर्ताओं व रेलयात्रियों से वार्ता उपरांत रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि यह हैदरनगर वासियों के लिये सुनहरा अवसर होगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से माननीय सांसद के आगमन व स्वागत कार्यक्रम पूर्व स्टेशन पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में माननीय सांसद को शांतिपूर्ण वातावरण में बरकाकाना से वाराणसी तक परिचलित व बंद पड़ी बीडीएम पैसेंजर ट्रेन को अविलंब चलाने और सभी लोकल ट्रेनों से स्पेशल का दर्जा हटाने की मांग कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन द्वारा की जायेगी। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयास व कार्यकर्ताओ की लगातार हो रही मांग पर रेल मंत्री अश्विनी वैभव व रेल महाप्रबंधक की पहल पर रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 18635 / 18636 का ठहराव हैदरनगर व उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर 12 मई से शुरू होने जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत छिपादोहर कला गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसकी पहचान बिहार के गया निवासी मुहमद मुमताज अहमद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ,मुमताज अपनी ग्लैमर बाइक से गया से गढवा खुर्द जा रहा था। तभी छिपादोहर कला गांव के समीप एक ऑटो से इनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे मुमताज के दाहिने कंधे में काफी गंभीर चोट आई है। वहीं ऑटो चालक मौके से भागने में सफल रहा। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को थाना लाते हुए, घायल व्यक्ति को सीएचसी में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।

# भारतीय रिजर्व बैंक रांची द्वारा क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक रांची के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद में क्विज प्रतियोगिता का प्रखंड स्तरीय आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पांडु, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और उटारी प्रखंड के 30 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आर बी आई के सहायक प्रबंधक सोहम कुमार सोम, ग्रामीण बैंक के अभय कुमार,



जिला अग्रनी बैंक के अनुकरण तिर्की,व एसबी आई हुसैनाबाद के मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार उपस्थित थे। इस क्विज प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम को 5000 रुपए एवं द्वितीय को 4000 रुपए का पुरस्कार दिया गया । पुरस्कार पाने वालों में हुसैनाबाद प्रखंड में बक्सी उच्च विद्यालय के आकाश कुमार उपाध्याय व राहुल पाल प्रथम, जबकि कामगारपुर उच्च विद्यालय के सत्यम कुमार व विद्यानशु कुमार द्वितीय तथा पांडु प्रखंड में डाला कला सम्बद्धता प्राप्त उच्च विद्यालय की खुशबू कुमारी व अंजली कुमारी प्रथम, जबकि कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय पांडु की चंचला कुमारी व नेहा कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की।

# पूर्व मेयर का निगम में दखल जारीः दीपक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के राज्य समन्वयक और निगम क्षेत्र में सुविधाएं बहाल करने के लिए लगातार आवाज उठाने वाले दीपक तिवारी ने पिंक सिटी बस के परिचालन में पूर्व मेयर पर मनमाना रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निगम का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी पूर्व मेयर निगम के कार्यों में दखल दे रही हैं। निगम के निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद निगम के कार्यों का क्रियान्वयन नगर आयुक्त द्वारा किया जाना है । उन्होंने कहा कि नगर निगम की जनता से टैक्स के रूप में वसूले गए पैसों से निगम द्वारा चार पिंक सिटी बस खरीदी गई। जिनका दायरा मेदिनीनगर निगम क्षेत्र तक ही है। निगम क्षेत्र की महिलाओं को सुविधा प्रदान करना बस परिचालन का मुख्य उद्देश्य था। लेकिन नियम विरुद्ध निगम क्षेत्र से बाहर जाकर ज्योति प्रकाश बीएड कॉलेज तक बस को जाने की अनुमति किसके द्वारा दी गयी, यह समझ से परे है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अब जब निगम की सभी शक्तियां निगम आयुक्त के अधीन है तो निगम की बस का संचालन पूर्व मेयर के इशारे पर क्यों हो रहा है। निगम क्षेत्र में कई महिला विद्यालय और कॉलेज हैं। निगम प्रशासन पिंक सिटी बस के संचालन की जिम्मेवारी खुद ले। निगम प्रशासन बस के ठहराव स्थल और अंतिम पड़ाव को निर्धारित कर समय सारिणी को सार्वजनिक करे। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवसायिक बस का बिना निबंधन संचालन कराना गैरकानूनी है और प्रशासन को इस पर भी संज्ञान लेना चाहिए।

### खिलाड़ियों के लिए नई सुविधा

# मेदिनीनगर गांधी उद्यान में 100 मीटर का स्केटिंग ट्रैक बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में नगर निगम क्षेत्र को खुबसूरत और स्वच्छ बनाने का अभियान निगम के द्वारा किया गया है। जिसमें मेयर के प्रयासों का प्रशंसा भी हो रही है। अब निगम का कार्यकाल समाप्त हो चुका है लेकिन निगम के द्वारा लोगों की सुविधा के लिए पार्क, कोयल रिवर फ्रंट समेत अलग-अलग स्थानों पर समुचित व्यवस्था कराई गई है। जिसकी कड़ी में स्थानीय गाँधी उद्यान में नगर निगम द्वारा स्केटिंग खिलाड़ियों के लिए भी नयी सौगात आयी है। नगर निगम के गांधी उद्यान में स्केटिंग ट्रैक बनाया गया है। जहां खिलाड़ी हर रोज स्केटिंग सीख सकते हैं। गांधी उद्यान में 100 मीटर का स्केटिंग ट्रैक बनाया गया है। राज्य में पहला स्केटिंग ट्रैक पलामू मेंः-पलामू के स्केटिंग कोच चंदन कुमार ने बताया कि उनकी मांग पर यहां स्केटिंग ट्रैक बनाया गया है। अब खिलाड़ी आसानी और बेहतर सुविधा के साथ स्केटिंग सीखेंगे। ट्रैक के बन जाने से खिलाड़ी और अभिभावक में भी स्केटिंग को लेकर रुचि बढ़ी है। धीरे धीरे खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ रही है। ये सुविधा झारखंड भर में नहीं है। इसके बन जाने से पलामू से अब ज्यादा संख्या में खिलाड़ी नेशनल स्तर पर खेलने पहुचेंगे। जिससे पलामू का नाम नेशनल स्तर पर भी रोशन होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से वो पलामू में स्केटिंग सीखा रहे हैं। गली, मोहल्ले से स्केटिंग सिखाना शुरू किए। जिसके बाद धीरे धीरे टाउन हॉल का स्थान मिला। जहां जगह की कमी होने के कारण खिलाड़ियों को सिखाने में परेशानी होती थी।बच्चों को 100 फिट में स्केटिंग सिखाना थोड़ा मुश्किल था।अब खिलाड़ियों को नया उपहार मिला है। प्रतिदिन शाम में होती है क्लासः- डाल्टनगंज स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर के द्वारा हर दिन शाम 5 से 6 स्केटिंग गांधी उद्यान स्केटिंग ट्रैक में सिखायी जाती है।इससे पहले टाउन हॉल में सिखायी जाती थी।नगर निगम द्वारा स्केटिंग ट्रैक बन जाने के बाद प्रतिदिन गांधी उद्यान में खिलाड़ी स्केटिंग सीखने आते हैं।


**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–जुरा, थाना–भरनो (राँची–गुमला मुख्य मार्ग के पास) से 12 पीस सेमल बोटा सहित ट्रेक्टर संख्या–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर राकेश कुमार मिश्रा, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 297024 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D :–वन है,तो जीवन है–:



**उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार (एन0आर0ई0पी0, शाखा)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02, वर्ष : 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0,लातेहार।
2. परिमाणविपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 23.05.2023 कार्यालय दिवस में 10.00 A.M बजे से 5.00 P.M बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय कक्ष में।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 24.05.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 24.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम बिनगाडा में वामपंथी प्रभावित क्षेत्र आजीविका सृजन के लिए पाँच दुकान इकाईयों (अष्टकोणीय मॉडल) की स्थापना। | 2494102.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगीपर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पद् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 296916 District (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्याः– RWD/SD/LATEHAR/03/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 24.05.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25.05.2023 को 3:00 बजे अपराह्न् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 25.05.2023 को 3:30 बजे अपराहन्, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्रिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8 परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. ससमय कार्य पूर्ण करने एवं आवंटित कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने व गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे संवेदक जिनके पास डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत ली गयी योजना लातेहार जिलान्तर्गत लम्बित है, वैसे संवेदक को BOQ नहीं दी जायेगी।
11. कार्यकारी एजेंसी निविदा का शेर्तों में यह सुनिश्चित कर लें कि संवेदक को 05 वर्ष की अवधि तक उक्त योजना की मरम्मति एवं रख–रखाव की जिम्मेदारी लें। इस आशय का दस्तावेज संवेदकों से सहमति पत्र के माध्यम से लें, इसके लिए 10% की प्रतिभूति राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–138 दिनांक–06.05.2023 एवं ज्ञापांक–85 दिनांक–20.04.2023 के अन्य शर्त भी संवेदक को मान्य होगा।
12.. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत बेन्दी के ग्राम लेधपा में वामपंथी प्रभावित क्षेत्र आजीविका सृजन के लिए पांच दुकान इकाईयों (अष्टकोणीय मॉडल) की स्थापना। | 2394102 | 5000 | 47000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत तरवाडीह के ग्राम ओरेया में जर्जर आँगनबाडी केन्द्र भवन का नवनिर्माण। | 1440500 | 2500 | 29000 | 3 माह |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 296855 Rural Development (23-24)_D



**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ **आवश्यक सूचना** दिनांक ............................../

सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–डुमरी, जैरागी पथ के एकअम्बा मोड के पास से 09 पीस साल बोटा सहित एक जॉन डियर नामक टैक्टर सहित ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सतिश कुमार भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 297033 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(3rd Call)
निविदा सूचना संख्या – DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23
दिनांक 10.05.2023

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | **Serendag group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa (Group No. 45) | 2 | 2313573.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | Total :- | 2 Nos. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 12.05.2023 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 12.05.2023 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 17.05.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 18.05.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 19.05.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR297048 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

NEWS इन ब्रीफ

## बंगला पुस्तकालय में रविंद्र जयंती मनी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना के सामने स्थित बंगला पुस्तकालय में मंगलवार की देर शाम रविंद्र जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर बंगाली समिति, बंगीय दुर्गा बाड़ी , सेसा, नृत्यांगन तथा मासूम आर्ट ग्रुप के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर बंगीय दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने कहा की विश्वकवि कहे जाने वाले रविंद्र नाथ टैगोर भारत के अभिमान है, हमे उनपर नाज है। हर वर्ष समिति के द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, पर इस वर्ष आज ही समाज की अग्रणी महिला सह पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशिका अनुराधा मोइत्रा का निधन हो गया है, इसलिए सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। कवि नजरूल इस्लाम जयंती के मौके पर एकसाथ रविंद्र नजरूल जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर बंगाली समिति के सह सचिव व रंगकर्मी गौतम घोष ने रंगमंच में रविंद्र नाथ टैगोर के योगदान पर प्रकाश डाला। सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने भारतीय साहित्य में रविंद्रनाथ टैगोर के अमिट छाप पर चर्चा की। नृत्यांगन संस्था की नृत्य निर्देशिका तमन्ना मल्लिक ने रविंद्र नाथ टैगोर के नृत्य नाटिका के स्वरूप व उनके नृत्य के प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मासूम आर्ट ग्रुप के ओर से उपाध्यक्ष अमर कुमार भांजा व सदस्य आकर्ष प्रताप ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर सौभिक दत्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, शिवनाथ चटर्जी, शैबाल बोराल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया।

# लकड़ी टाल में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा चौक स्थित इंदरजीत सिंह डिंपल की लकड़ी टाल में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई।आग लगने से लकड़ी टाल में रखी लाखों रुपए की कीमती लकड़ी और अन्य सामान जलकर राख हो गए। इसके बाद इंदरजीत सिंह के द्वारा इस घटना की जानकारी अग्निशमन को दी गई। इसके बाद इसकी जानकारी टीओपी टू थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी टू थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर आग लगने से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय पुलिस और अग्निशमन वाहन को समय पर पहुंचने को लेकर इंद्रजीत सिंह डिंपल ने स्थानीय पुलिस और अग्निशमन के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है।

# पलामू में आज होगी हाई स्कूल अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा 71 अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग के लिए सूची जारी की है। जिसमें आज सभी अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग स्थानीय गिरिवर प्लस टू स्कूल में करायी जायेगी। सभी अभ्यर्थियों की सूची स्टेट मेरिट के साथ जारी की गयी है। अभ्यर्थियों के विषय के जारी सूची में इतिहास-



नागरिक,शारीरिक विज्ञान, वाणिज्य, अंग्रजी, भूगोल ,और अर्थशास्त्र विषय शामिल है। ज्ञात हो कि स्कूली एवं साक्षरता विभाग के द्वारा हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सभी जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसमें स्टेट मेरीट बनाकर सभी अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा रही है। कॉउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को 11 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्गत किया गया है। अभ्यार्थियों को सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

# सदर अस्पताल हेल्थ मैप में छह माह से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप

### कुछ कागजी प्रक्रिया और चिकित्सकों की कमी के वजह से हेल्थ मैप में अल्ट्रासाउंड बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल परिसर स्थित हेल्थ मैप कंपनी द्वारा संचालित अल्ट्रासाउंड की मशीन करीब 6 माह से बंद है। जिससे गर्भवती माताओं सहित अन्य बीमारी से पीड़ित मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए परेशानी हो रही है। कुछ कागजी प्रक्रिया और चिकित्सकों की कमी के वजह से हेल्थ मैप में अल्ट्रासाउंडबंद बंद है। वहीं हेल्थ मैप का अल्ट्रासाउंड बंद होने से मरीजों के ऊपर अल्ट्रासाउंड के खर्च का बोझ बढ़ गया है।सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में




एक ही अल्ट्रासाउंड मशीन है। जहां एक दिन में 20 से 30 मरीजों का ही अल्ट्रासाउंड संभवत है। बाकी मरीज अल्ट्रासाउंड कराने के लिए निजी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में जाने को मजबूर हैं। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधक से सदर अस्पताल में एक और अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने का आग्रह किया है। ताकि मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए परेशानियों का सामना ना करना पड़े। बताते चलें कि हेल्थ मैप कंपनी द्वारा झारखंड सरकार से एमओयू करा कर पूरे झारखंड में डिजिटल एक्सरे व अल्ट्रासाउंड शुरू किया गया है। लेकिन उनके पास अल्ट्रासाउंड करने के लिए अपना चिकित्सक नहीं हो।जिसके कारण हेल्थ मैप कंपनी द्वारा मेदिनिंगर शहर के एक निजी अस्पताल के चिकित्सक से टाइअप कर सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू की गई थी। लेकिन गत छः माह से वे चिकित्सक हेल्थ मैप कंपनी द्वारा संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर में नहीं आ रहे हैं। जिसके कारण अल्ट्रासाउंड सेवा ठप है। वहीं अस्पताल में आने वाली गर्भवती व अन्य पेट के रोगियों का अल्ट्रासाउंड लिखे जाने के बाद मरीजों को अत्यधिक खर्च करना पड़ रहा है। डायग्नोस्टिक सेंटर में गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड होता है। उसके एवज में निजी अल्ट्रासाउंड संचालक मनमानी राशि ले रहे हैं। चूंकि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा नहीं है। अन्य मरीजों से भी वे मनमाने ढंग से रुपये की वसूली कर रहे हैं।

## लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोप में जेल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमर ताड़ निवासी धीरेंद्र राम के पुत्र आशू कुमार उर्फ सोनू कुमार को एक लड़की के साथ छेड़खानी करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस सम्बंध में वर्तमान थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह और एसआई लिली मींज ने बताया कि आठ मार्च को एक लड़की मेदिनीनगर योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज से पढ़ाई कर अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में सेमर ताड़ निवासी धीरेंद्र राम का पुत्र आशू कुमार उर्फ सोनू कुमार लड़की के पास पहुंचा और लड़की के साथ छेड़खानी कर उसके हाथ से मोबाइल को छीनकर पटक कर तोड़ दिया। इस घटना के बाद लड़की सड़क पर बैठकर रोने लगी।

# जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये 28 करोड़ 97 लाख रुपये की अनुमानित लागत से कुल 157 योजनाओं का अनुमोदन किया गया। इसके अलावे नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 34 प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया साथ ही कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सभी पदाधिकारी इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होने चाहिए। इसके पूर्व उपायुक्त श्री दोड्डे ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि 27 योजनाओं में से 22 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है एवं 5 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल प्राप्त आवंटन के विरुद्ध 50 योजनाओं को स्वीकृत किया गया हो। जिसमें 3 योजना पूर्ण है शेष 47 निविदा की प्रक्रिया व कार्य प्रगति पर हैं। बैठक में वैसी योजनाएं जो कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत की थी ऐसी 29 योजनाओं को आज समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार,सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अभाकुम ने निगम चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू ने नगर निगम के लिए नन्दकिशोर मेहता और रौशन कुमार टाइगर को प्रभारी नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष अजित मेहता ने जिम्मेवारी देते हुए कहा कि एक माह के अंदर निगम के 35 वार्ड में कमिटी का निर्माण करें। ताकि मजबूती के साथ निगम चुनाव में भागेदारी सुनिश्चित हो सके। नगर निगम बनने के बाद चौक चौराहे व पार्क का निर्माण कर सरकारी फंड की भयानक लूट हुई है। अभी तक निगम क्षेत्र के निवासीयो को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नही हो पायी है। बैरिया मे करोड़ों के लागत से बना बस स्टैंड अपने उद्घाटन का बाट जोह रहा है।

## युवा उत्सव का आयोजन 14 मई को होगा

**मेदिनीनगर।** नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने युवा उत्सव के आयोजन से संबधित जानकारी साझा करते हुए कहा कि आगामी 14 मई को जनता शिवरात्री महाविद्यालय परिसर में युवा उत्सव का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के सांसद बीडी राम की गरीमामयी उपस्थिति रहेगी। युवा उत्सव अंतर्गत 5 प्रतियोगिताओं 'भाषण, पेंटिंग, कविता लेखन, फोटोग्राफी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। इन पांच प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। युवा उत्सव अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा।



### शादी में गए थे दंपती, ग्रामीणों की सूझबूझ से बच्चों की जान बची

# मजदूर परिवार के घर में लगी भीषण आग



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव** थाना क्षेत्र के बोदरा गांव के टोला इमलिया टीकर गांव निवासी शिवनाथ रजवार के घर में मंगलवार की शाम आग लग जाने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि घर में सोए दोनों बच्चों को बचा लिया गया।

भुक्त भोगी शिवनाथ रजवार ने बताया कि वे दोनों पति -पत्नी अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गए हुए थे। इसी बीच घर में छोटे-छोटे दो बच्चे थे। 11 वर्षीय चंदन स्कूल से आकर घर में सोया हुआ था, जबकि 6 वर्षीय अजीत आग जलाकर अंडा एवं शकरकंद पकाने के बाद आग को बिना बुझाए ही छोड़ दिया। इससे आग धीरे-धीरे विकराल रूप धरते हुए खपरैल मकान में आग पकड़ ली। आग लगते देख अजित डर से घर में जाकर छिटकिनी बंद कर ली। घर में बच्चा होने के सूचना पर ग्रामीणों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर बच्चे को बाहर निकाला। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया किंतु सफलता नहीं मिली। इस अगलगी में घर में रखा हुए दो साइकिल, चारपाई, ओढ़ने बिछाने के समान, बर्तन तथा लगभग डेढ़ क्विंटल चावल, दो क्विंटल मक्का सहित अन्य सामग्री खाक हो गई।

## केतार में सड़क हादसे में युवक की मौत

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र लोहरगाडा पंचायत के गुरुड़ गांव निवासी 27 वर्षीय युवक मुन्ना चौधरी की बुधवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार एक अन्य युवक धर्मेंद्र चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज मझिआंव रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मुन्ना ऑटो लेकर अपने गांव गुरूड़ से कांडी जा रहा था। उसी क्रम में हुरका गांव के मथुरा साह होटल के पास मोड़ पर ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया। ग्रामीण घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मुन्ना चौधरी को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पाकर पहुंचे हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना लाया गया।

# ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन सौंप की बाजार में नाला निर्माण कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** केतार पंचायत के ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन देकर मुख्य कपूरी गेट से बाजार होते हुए पंडा नदी तक नाला निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि केतार बाजार में नाला निर्माण नहीं होने से हल्की बारिश होने के बाद जल जमाव हो जा रहा है।

इससे बाजार के स्थायी दुकानदारों, राहगीरों को पैदल चलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुकानदारों की दुकान भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि नाला एवं नाली के निर्माण में अधिक खर्च होने के कारण पंचायत निधि मद से इसका निर्माण नहीं किया जा सकता है। इसको लेकर बीडीओ से आग्रह कर जिला योजना से नाला एवं नाली निर्माण कराने की मांग की है ताकि बरसात से पूर्व केतार बाजार में जलजमाव की समस्या का समाधान किया जा सके। आवेदन देने वालों में मुखिया प्रमोद कुमार, उप मुखिया संजय पाल, राम बिचार साहू, राजनाथ राम, विजय कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, गोपाल बैठा, अनिल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, अवध प्रसाद, रोहित पाल, अवलेश प्रसाद, विजय पाल, रामविचार पासवान, अवधेश प्रसाद, उदय मेहता सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।



### आगे निकलने की होड़ में हर वर्ष बढ़ रही दुर्घटनाओं की संख्या

# जिले में वाहनों की रफ्तार का कहर



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** जिले में वाहनों की रफ्तार कहर ढा रही है। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं। शहर से भारी वाहनों के गुजरने के बावजूद रफ्तार पसंद युवाओं की बाइक रुकने का नाम नहीं लेती है। किसी प्रकार आगे निकलने की होड़ में युवा हादसे के शिकार होते हैं और जिंदगी गंवा देते हैं। रंका मोड़ की स्थिति यह है कि एक वाहन छत्तीसगढ़ यानी एनएच-343 की ओर से आता है तो दूसरा वाहन एनएच-75 यानी उत्तर प्रदेश या बिहार की ओर से प्रवेश करता है। यहां तीनों ओर से वाहन एक साथ आते हैं। ऐसे में छोटे वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। अक्सर मुख्य पथ, रंका मोड़ या अन्य स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। तेज रफ्तार सड़क हादसों के मुख्य कारण बन रहे हैं।

**वाहनों की गति सीमा मापने की व्यवस्था नहीं :** सबसे बड़ी बात है कि वाहनों की गति सीमा मापने की जिले में कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों का चालान नहीं काटा जाता है, जिससे तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों में इसका जरा सा भी डर नही है। जिसने जैसा चाहा वैसी रफ्तार पकड़ ली और चल निकले। शहर में वाहन चलाने की गति सीमा मात्र 20 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है, जबकि लोग 40 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से भी वाहन दौड़ाते नजर आते हैं। ऐसी कोई मशीन नहीं लगी है जिससे ओवर स्पीड वाहनों का चालान कट सके।

**अनुभव के आधार पर ही वाहनों की गति जांच :** गढ़वा के एमवीआइ लाल बहादुर यादव कहते हैं कि वाहनों की गति मापने के लिए प्रबंध किए जा रहे हैं। वर्तमान में गति मापने व तेज रफ्तार वाहनों का त्वरित चालान काटने की व्यवस्था नहीं है। हमलोग अनुभव के आधार पर ही वाहनों की गति जानते हैं। जल्द ही जिले में इसकी व्यवस्था हो जाएगी। लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कभी पुलिस विभाग तो कभी परिवहन विभाग की ओर से लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक दंड भी लगाया जा रहा है। लगातार स्कूल कॉलेज चौक चौराहों पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

### पांच साल में किस वर्ष कितने लोगों की मौत

जिले में तेज रफ्तार के कारण पांच साल में कुल 852 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें कुल 502 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से 585 लोग घायल हुए तथा 162 लोग सामान्य रूप से घायल हुए हैं। जिला परिवहन विभाग से मिले आंकड़ें के अनुसार वर्ष 2018 में कुल 185 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें से 92 लोगों की मौत हो गई। 134 लोग घायल हुए। वहीं वर्ष 2019 में कुल 177 सड़क दुर्घटनाओं में 124 लोगों की जान गई। 102 लोग गंभीर रूप से तथा 15 लोग सामान्य रूप से घायल हुए। वर्ष 2020 में कुल 177 सड़क दुर्घटनाओं में 91 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। 140 लोग गंभीर रूप से घायल हुए तथा 56 लोग साधारण रूप से घायल हुए। वर्ष 2021 में कुल 170 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 110 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 109 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। 53 लोग साधारण रूप से घायल हुए। वर्ष 2022 में कुल 143 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 85 लोग की मृत्यु हुई, जबकि सौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। 38 लोग साधारण रूप से घायल हुए।

## पीएम आवास लाभुक को शेष राशि का भुगतान करने की मांग

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी, गढ़वा जिला ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ अध्यक्ष सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुतनंदन सोनी ने मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारी को राम, सीता, लक्ष्मण की तस्वीर एवं पीएम आवास के लाभुकों को शेष किस्त का राशि भुगतान हेतु एक लिखित आवेदन सौंपा। सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी को अविलंब प्रधानमंत्री आवास की शेष किस्त की राशि भुगतान हेतु आवेदन सौंपा। वहीं सोनी ने भीषण गर्मी के दिन प्रतिदिन बढ़ते ग्राफ को देखते हुए पानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी से नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में जरूरतमंद जगहों पर टैंकरों से पानी व्यवस्था कराने का आग्रह किया। सोनी ने यह भी आग्रह किया कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में जल मीनार लगाने का प्रयास करें ताकि गर्मी में पानी की समस्या ना हो।



### लातेहार समाचार

# अब तक अधूरा पड़ा है जल मीनार का काम



जमीन पर बिखरे पड़े हुए जल मीनार लगाने से संबंधित सामान

**महुआडांड़ प्रतिनिधि** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में जल नल योजना अंतर्गत अप्रैल माह तक हर घर में नल लगाकर पानी सप्लाई कार्य पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा लातेहार आगमन के दौरान अपने भाषण में दिया गया था। इसके वावजूद गडबुढ़नी पंचायत के ग्राम चुटिया, पहाड़कापू डाड़कापू, केवरकी सहित कई अन्य गांवों में जल मीनार बना कर खड़ा कर दिया गया है। कहीं तो सिर्फ टावर बनाकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्राम पहाड़कापू में जल मीनार लगाने से संबंधित सामान जमीन पर बिखरे पड़े हुए हैं। अभी तक इन गांवों में जल नल योजना अंतर्गत एक भी घर में पानी सप्लाई शुरू नहीं हुआ है। जबकि मार्च व अप्रैल माह तक सभी घरों को जल नल योजना से जोड़ देना था। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही जलस्तर काफी नीचे जा रहा है। नदी भी सूखने की कगार पर है। मई महीने शुरू होते ही पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों व अधिकारी से करने के बाद भी इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# सर्वसम्मति से किया गया शिक्षक प्रतिनिधि का चयन



**नवीन मेल संवाददाता। रमना** प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय में विद्यालय कर्मचारियों की बैठक प्रभारी सहायक प्रधानाध्यापिका वृंदा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से शिक्षक धर्मदेव उरांव को शिक्षक प्रतिनिधि चुना गया।

ज्ञात हो कि रमना प्रखंड में यह विद्यालय एकलौता बालिका उच्च विद्यालय है जो जैक बोर्ड द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त है लेकिन अभी तक गैर अनुदानित है। सर्वसम्मति से चुने गए शिक्षक प्रतिनिधि धर्मदेव उरांव ने कहा कि जैक बोर्ड के नियमानुसार उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है, उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक चतुरगुन महतो, लक्ष्मी साहु, प्रियंका कुमारी, मोतीचंद राम, रामजी राम, चंपा देवी उपस्थित थे।

## हाइवा पलटा, किसी को चोट नहीं आई

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी धुरकी अम्बाखोरेया मुख्य मार्ग पर बरडीहा ग्राम में रईस अंसारी के घर के निकट अनियंत्रित होकर हाइवा पलट गया। घटना सुबह 9 बजे की है। एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी सगमा कैंप से मेटल लेकर हाइवा धुरकी मोड़ की तरफ सड़क पर गिराने जा रहा था। इसी क्रम में बरडीहा ग्राम में हाइवा पलट गया। हाइवा पलटने से किसी को चोट नहीं आई है। हाइवा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।



# घायल अवस्था में तड़पता मिला हिरण



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** चिनिया थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव में बुधवार को घायल अवस्था में एक हिरण तड़पते हुए पहुंचा, जिसे लोगों ने पकड़ कर रस्सी से बांधकर रखा तथा उसे पानी पिलाया।

बुधवार को 4 बजे रनपुरा गांव के बघारु टोला में एक जंगली हिरण इधर से उधर जख्मी हालत में तड़पते हुए दौड़ रहा था। उस पर ग्रामीणों की नजर गई तो देखा कि उसकी नाक के बगल से खून निकल रहा था। ऐसा लग रहा था कि मानो किसी ने गोली मारी है। लोगों ने भी यह कयास लगाया कि हिरण को जंगल में किसी ने गोली मारा हो या नहीं तो किसी नुकीले औजार से हिरण पर हमला किया गया है। वहीं इसकी सूचना ग्रामीणों वन विभाग को दी। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली है। फिलहाल वन विभाग की टीम स्थल पर कुछ ही घंटों में पहुंचकर घायल हिरण को अपने कब्जे में लेकर उसका समुचित इलाज कराएगी। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी। हिरण को देखने के लिए सैकड़ों लोग जमा थे।

# पंचायत प्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान को दिया गया प्रशिक्षण



### मल्टी आर्ट एसोसिएशन के जेम्स हेरेंज बोले, ग्राम सभा से जुड़े अधिकारों और उसके फायदों को सभी को जानने की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के मोरवाई पंचायत सचिवालय में मल्टी आर्ट एसोसिएशन द्वारा ग्रामसभा को सशक्त बनाने को लेकर ग्राम प्रधान व पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के जिप सदस्य शेखर, पंचायत के मुखिया पूर्व सैनिक आशीष सिंह, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी समेत कई वार्ड सदस्य और ग्राम प्रधान मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान मल्टी आर्ट एसोसिएशन के जेम्स हेरेंज ने ग्रामसभा को सशक्त बनाने और ग्राम सभा की भूमिका पर प्रशिक्षण देने का काम किया। वहीं जिप सदस्य संतोषी ने कहा कि ग्राम सभा की भागीदारी किसी भी विकास योजना के साथ-साथ गांव के विकास में महत्वपूर्ण है और यही कारण है कि आज जिले में किसी भी विकास कार्य योजना की शुरुआत करने के पूर्व ग्राम सभा से सहमति महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसलिए ग्राम सभा से जुड़े अधिकारों और उसके फायदे को सभी को जानने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामसभा के माध्यम से हम सभी अपने क्षेत्र का भरपूर विकास कर सके। इस दौरान मौके पर मल्टी आर्ट एसोसिएशन के सचिव मिथिलेश कुमार, विमल कुमार वार्ड सदस्य, विष्णु देव सिंह, बृजनंदन सिंह, सोनी देवी, रीता देवी, ग्राम प्रधान श्रवण सिंह, मुन्ना सिंह, अमीन सिंह, रामदेव सिंह समेत काफी संख्या में पंचायत के वार्ड सदस्य और कई गांव के ग्राम प्रधान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### आरोप | जिप सदस्य की बीडीओ से समीक्षा बैठक कराने की मांग

# मनरेगा योजना में हो रही अनियमितता



जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी शर्मा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर मनरेगा योजना में भारी अनियमितता रोकने के लिए प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी, सभी वार्ड सदस्य एवं प्रखंड के सभी पंचायत जनप्रतिनिधि के साथ योजना की समीक्षा करते हुए योग्य लाभुकों तक लाभ पहुंचाने का आग्रह किया है।

पत्र में जिला परिषद सदस्य ने यह भी उल्लेख किया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान वार्ड सदस्यों एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा यह शिकायत प्राप्त हुई है कि मनरेगा की अभिलेख, मजदूर डिमांड एवं मास्टर रोल में वार्ड सदस्य की सहमति एवं हस्ताक्षर नहीं कराया जाता है। जबकि अभिलेख में वार्ड सदस्य का हस्ताक्षर कराने का कालम बना हुआ है। मनरेगा कर्मी द्वारा मनमानी की जा रही है। साथ-साथ अन्य किसी भी विभाग की सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी वार्ड सदस्यों को नहीं दी जाती है, जबकि अन्य पंचायत प्रतिनिधि की तरह ही वार्ड सदस्य भी निर्वाचित किए गए हैं, जिन्हें उपेक्षित रखना अपमान जनक प्रतीत होता है। प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य एवं सभी पंचायत जनप्रतिनिधि की सम्मान में एवं मनरेगा योजना में भारी अनियमितता को रोकने के लिए समीक्षा बैठक कराना अति आवश्यक है।

जिला परिषद सदस्य द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को यह भी उल्लेख किया है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही थी आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान विभागवार समीक्षा के लिए मेरे द्वारा अनुरोध किया गया था, परंतु आपके द्वारा अभी तक एक भी समीक्षा बैठक नहीं कराई गई। इससे प्रतीत होता है कि आपके द्वारा सरकार की योजना सिर्फ और सिर्फ कागज पर चलने को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचने से रोका जा रहा है। इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है।

# बायोमेट्रिक उपस्थिति बाहर बनाने पर प्रमुख नाराज



प्रमुख आभा रानी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)** अधिकांश प्रखंड कर्मियों तथा अंचल कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति खरौंधी से बाहर बनाने पर प्रमुख आभा रानी ने नाराजगी व्यक्त की है। प्रमुख आभा रानी ने सवालिया लहजे में कहा जिसका रजिस्ट्रेशन अन्य प्रखंड में है। उनका अभी तक ट्रांसफर क्यों नहीं हुआ? शायद इसकी वजह से ही वे लोग अन्य प्रखंड में बायोमेट्रिक उपस्थिति बना रहे हैं। उनका रजिस्ट्रेशन खरौंधी ट्रांसफर क्यों नहीं किया गया? यदि जिला पदाधिकारी को इसकी जानकारी है तो वैसे कर्मियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

साथ ही प्रमुख आभा रानी ने बताया कि खरौंधी में बायोमेट्रिक सिस्टम चालू हुए एक माह हो गया। इसके बाबजूद भी प्रखंड कर्मी तथा अंचल कर्मी खरौंधी से बाहर भवनाथपुर, श्रीबंशीधर नगर या गढ़वा में बायोमेट्रिक उपस्थिति बना रहे हैं, जो सरासर गलत है। बायोमेट्रिक सिस्टम को कर्मी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। प्रखंड कार्यालय का आलम ऐसा है कि अधिकांश कर्मी प्रखंड दिवस शुक्रवार व मंगलवार को भी गायब रहते हैं। इसके लिए जल्द वरीय पदाधिकारी से मिलकर शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# सरहुल पर्व विवाद का निकाला गया हल



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र की उग्रवाद प्रभावित लात पंचायत के नवारनागू ग्राम में सरहुल पर्व मनाने को लेकर उठे विवाद को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में ग्रामीणों की सहमति से हल किया गया। लात पंचायत में नवारनागू ग्राम में परंपरा के अनुसार ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सरहुल पर्व का आयोजन किया गया था। हालांकि इसमें दूसरा गुट शामिल नहीं हुआ था। दूसरे गुट के लोग मंगलवार को सरहुल पर्व मनाने सरहुल पूजा स्थल पर जुटे थे, जिसका ग्राम प्रधान ने विरोध किया। इससे दोनों गुटों में विवाद हो गया।

इसकी जानकारी मिलने पर मंगलवार दोपहर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस अंचल निरीक्षक अनिल उरांव पुलिस बल के साथ लात पंचायत पहुंचकर दोनों गुटों को समझाते हुए मामले का सर्वसम्मत हल निकाला। निर्णय लिया गया कि परंपरा के अनुसार एक ही दिन गांव में सरहुल पर मनाया जाएग, जिसमें दोनों गुटों ने अपनी सहमति व्यक्त की। दूसरे गुट ने इस वर्ष सरहुल पर्व नहीं मनाते हुए अगले वर्ष परंपरा के अनुसार एक ही दिन मनाने का निर्णय लिया। मौके पर ग्राम प्रधान व दोनों गुटों के काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## साईलो निर्माण कार्य में रोजगार व विकास पर भू रैयतों ने की चर्चा

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस के पास टंडवा एनटीपीसी पावर प्लांट द्वारा सैइलो निर्माण कार्य में ली भूमि के रैयतों व विस्थापितों ने आरा ग्राम के दुर्गा मंडप परिसर में एक बैठक की। पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव की अध्यक्षता एवं रवि प्रकाश के संचालन में हुई बैठक में कंपनी से अधिक से अधिक रोजगार एवं क्षेत्र के विकास के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस विषय पर पुनः बैठक 12 मई को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण संभू साव, पदुम यादव, रविंद्र उरांव, हरि साव, बलदेव साव, रामवृक्ष साव, महेंद्र साव, लखन साव, राजेश राम आदि मौजूद रहे।

# आरोप : अंचल कर्मचारी ने 30 हजार घूस लेकर भी नहीं की भूमि की दाखिल खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
गारू प्रखंड के घासीटोला पंचायत स्थित डोरम गांव के लोगों ने जमीन दाखिल खारिज करने के एवज में अंचल कर्मचारी पर 30 हजार रुपये घूस लेने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने कहा कि घूस लेने के दो साल बाद भी उनकी जमीन की दाखिल खारिज नहीं की गयी। इसे लेकर डोरम गांव के जोगेश्वर सिंह, जीतू सिंह, राम पांडेय सिंह, मुनेश्वर सिंह व गणेश सिंह ने उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन लोगों की पुश्तैनी जमीन है और उनके दादा शिवराना और दूबराज के नाम से गांव मे 2 एकड़ 89 डिसमिल जमीन है। जब ऑनलाइन रसीद नहीं कटती थी तब उनक दादा के नाम से ही रसीद कटता था। लेकिन जब जमीन की ऑनलाइन रसीद कटने लगी तो अंचल के सरकारी दस्तावेजों में उनकी पुश्तैनी जमीन सोहर मांझी के नाम से अंकित हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि अंचल कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर से इस बात की जानकारी ली तो उसने बताया कि ऑनलाइन डाटा में सोहर मांझी के नाम पर ही जमीन दिख रही थी। इसके बाद अंचल कर्मचारी से बात की तो उसने बताया कि जमीन की दुबारा दाखिल खारिज करानी पड़ेगी। इसके लिए 30 हजार रुपये लगेंगे। ग्रामीणों ने आवेदन में आगे बताया कि अंचल कर्मचारी को रुपये दिये दो साल हो गये लेकिन अभी तक उनकी पुश्तैनी जमीन की दाखिल खारिज नहीं हो पायी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त भोर सिंह यादव से जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।



## तीन जान लेने के बाद हाथियों का पुनः हमला

**चंदवा।** बीते दिनों जंगली हाथियों ने ईंट भट्ठा में काम करने वाले दंपती व बचची की जान ले ली थी। मंगलवार रात हाथियों का झुंड क्षेत्र में पुनः आ धमका और कई घरों को नुकसान पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात लगभग 11 बजे माल्हन पंचायत के नावाटोली गांव पहुंचकर एतवरीया देवी, पति रामू गंझू के घर को तीन जगह से तोड़ दिया है व जिरवा देवी, पति पुशन भोगता के घर की खिडकी को तोड़ते हुए हाथियों का झुंड बरकाकाना-बरवाडीह रेल मार्ग को पार कर केकराही गांव पहुंचा और कुनु गंझू के पीएम आवास को नुकसान पहुंचाते हुए जंगल की ओर निकल गया। हाथियों के पुनः क्षेत्र में आगमन से भय का माहौल बना हुआ है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सभी पंचायतों में पीएम आवास लाभुक दिवस आज

**बरवाडीह।** प्रखंड की सभी पंचायत सचिव सचिवालय में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जाएगा। संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव को लंबित आवास निर्माण कार्य रखने वाले लाभुकों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त कर समाधान के लिए आवाश्यक कारवाई की जाएगी। लंबित आवास निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण कराया जाएगा। इसकी जानकारी प्रखंड पीएम कोऑर्डिनेटर दीपक ने दी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम 15 से

**चंदवा।** लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय वेस में आयोजित प्रेस वार्ता में लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम चंदवा में 15 मई से चार जून तक चलेगा। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है। अजय कुमार ने बताया कि ग्रामीण इस कार्यक्रम में अपने आंख, कान, मुड़े हुए पैर, कटे फटे होंठ, दांत आदि से संबंधित बीमारियों की जांच व उनकी सर्जरी करा सकते हैं।

### न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निपटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। अंचल टंडवा व जिला शिक्षा अधीक्षक समेत सभी संबंधित को निर्देश दिया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराएं और प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय।

## डीसी ने राजस्व संग्रहण को लेकर दिए जरूरी दिशा निर्देश

# राजस्व संग्रहण में लाएं तेजी निर्धारित लक्ष्य को करें पूरा



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी संबंधित पदाधिकारी को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत की समीक्षा के क्रम में नगर पंचायत द्वारा कर वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार करने की बात कही गई। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वाणिज्य कर पदाधिकारी को राजस्व संग्रह में तेजी लाते हुए लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, समेत जिले के अधिकारी व अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

**जिला पंचायत शाखा से संचालित योजनाओं की समीक्षा :** लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पंचायत शाखा से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी पूर्व माओवादी सब जोनल कमांडर के बेटे की हत्या

## पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के बिदिर गांव में गत 3 मई को पूर्व माओवादी सब जोनल कमांडर बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी के पुत्र सकलदीप गंझू की हत्या प्रेम प्रसंग में हुई थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए एक नाबालिग लड़की को निरुद्ध कर इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में फूलदेव भुइयां, पिता भिंसरी भुइयां (बिदिर, हेरहंज) व पिंटू भुइयां पिता, गन्नू भुइयां (हेबना, बालूमाथ) शामिल हैं। हेरहंज पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल गंझू के पुत्र सकलदीप गंझू का शव चार मई को बिदिर गांव में एक कुएं से बरामद किया गया था। इस संबंध में परिजनों द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर हेरहंज थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया था।

इंस्पेक्टर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अजित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने मानवीय और तकनीकी जानकारी के आधार पर मामले की जांच शुरू की। जांच के क्रम में पता चला कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है। इसके बाद टीम ने छापामारी कर एक किशोरी को निरुद्ध करते हुए इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लुंगी, पेचकस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ बालूमाथ अजित कुमार, हेरहंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन, पुअनि कैलाश कुमार मंडल, रूपलाल प्रसाद, बालूमाथ पुअनि कुबेर साव समेत हेरहंज व बालूमाथ के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बरवाडीह के नये घाट से बालू उठाव शुरू

**बरवाडीह।** प्रखंड स्तरीय संचालन समिति के अंचलाधिकारी राकेश सहाय (अध्यक्ष) की देखरेख में बालू घाटों से बालू उठाव की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम प्रखंड के केड बालू घाट से पंचायत स्तरीय बालू उठाव समिति के मुखिया अनिता देवी (अध्यक्ष) पंचायत सचिव, उप मुखिया समेत पंचायत स्तरीय 8 सदस्य कमेटी की उपस्थिति में बालू उठाव कार्य शुरू किया गया। मौके पर लालमन उरांव, पूर्व मुखिया बिनेश्वर उरांव, पंसस सविता देवी, जुलेश्वर राम, नरेश यादव, अरुण यादव, संतोष यादव, सुरेश उरांव समेत पंचायत के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा खुरा बालू घाट में मुखिया जितेंद्र सिंह, मंगरा बालू घाट से मुखिया विपिन बिहारी सिंह, चुंगरू बालू घाट में चुंगरू मुखिया बलदेव परहिया, छैंचा बालू घाट, करकटिया बालू घाट में छेंचा मुखिया, लंका बालू घाट में खुरा मुखिया द्वारा फीता काटकर बालू उठाव कार्य शुरू किया गया। इससे पूर्व प्रखंड में कंचनपुर कोयल नदी व पोखरी की छेछानी ओरंगा नदी से ही बालू उठाव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

# 30 लिपिकीय संवर्ग कर्मियों का स्थानांतरण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अबु इमरान की अध्यक्षता में हुई जिला स्थापना समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में समाहरणालय एवं संबद्ध कार्यालय के 30 लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन और प्रतिनियुक्त की गई है। पॉलुस हेम्ब्रम, प्रधान लिपिक अंचल टंडवा को अंचल प्रतापपुर, प्रदीप कुमार, प्रधान लिपिक अंचल प्रतापपुर को अंचल टंडवा, जय प्रकाश शर्मा, प्रधान लिपिक अंचल मयुरहंड को अतिक्ति प्रखंड मयुरहंड जिला परिवहन, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। गौतम कुमार, प्रधान लिपिक अंचल सिमरिया को अवर निबंधन, चतरा में यथावत, अतिरिक्त जिला कल्याण, जिला पंचायत राज से प्रतिनियुक्ति समाप्त। राम जतन राय, प्रधान लिपिक भूमि सुधार को जिला भू-अर्जन, चतरा में यथावत, जिला कल्याण से प्रतिनियुक्ति समाप्त। अमृत पांडेय, प्रधान लिपिक अनुमंडल चतरा को जिला राजस्व शाखा, जिला कोषागार से प्रतिनियुक्ति समाप्त। प्रकाश मिंज, प्रधान लिपिक प्रखण्ड टण्डवा को जिला स्थापना शाखा, अतिरिक्त जिला आपूर्ति शाखा एवं जिला लेखा शाखा, चतरा।

सीता राम दास, प्रधान लिपिक भूमि सुधार को प्रखंड टंडवा, अंचल कुन्दा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। रेणु रीना, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल ईटखोरी को जिला आपूर्ति शाखा, जिला कल्याण से प्रतिनियुक्ति समाप्त। प्रदीप कुमार सिंह, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल चतरा को जिला आपूर्ति शाखा, में यथावत। निरंजन कुमार शर्मा, उच्च वर्गीय लिपिक प्रखंड मयुरहंड, प्रखंड लावालौंग से प्रतिनियुक्ति समाप्त। बंसत कुमार सिंह, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल कान्हाचट्टी को जिला पंचायत राज, अतिरिक्त जिला योजना, चतरा। संजीत कुमार पाठक, उच्च वर्गीय लिपिक प्रखड गिद्धौर को जिला कोषागार। शम्मी कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल टंडवा को अंचल ईटखोरी, प्रखण्ड कुन्दा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। शशी भूषण प्रभात, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल हंटरगंज को जिला राजस्व शाखा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। कमलेश कुमार राम उच्च वर्गीय लिपिक प्रखंड इटखोरी को जिला राजस्व शाखा, 17 सुनील यादव उच्च वर्गीय लिपिक जिला स्थापना शाखा को जिला भूमि सुधार, जिला परिवहन कार्यालय। रिंकु कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक जिला स्थापना शाखा, को जिला परिषद। मिथलेश कुमार वर्मा, निम्न वर्गीय लिपिक अंचल हंटरगंज को अंचल पत्थलगड्डा, प्रेरणा कुमारी, निम्न वर्गीय लिपिक अनुमंडल चतरा को अंचल गिद्धौर, जिला सामान्य शाखा, रिया कुमारी निम्न वर्गीय लिपिक अंचल गिद्धौर को अनुमण्डल चतरा, जिला सामान्य शाखा, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त, शशि शेखर, निम्न वर्गीय लिपिक जिला स्थापना शाखा को अंचल टंडवा, जिला परिवहन से प्रतिनियुक्ति समाप्त। कामेश्वर यादव, निम्न वर्गीय लिपिक अंचल ईटखोरी को अंचल लावालौंग, जगदीश दास, निम्न वर्गीय लिपिक अंचल पत्थगड्डा को अंचल कुन्दा, अनिता देवी, निम्न वर्गीय लिपिक अंचल कान्हाचट्टी को इटखोरी, रामसहाय गंझू, निम्न वर्गीय लिपिक प्रखंड मयुरहंड को लावालौंग, 27 युगेश्वर राम, निम्न वर्गीय लिपिक अंचल मयुरहंड को पत्र प्राप्ति कोषांग, सूचना कोषांग जन शिकायत कोषांग, सेवा गारन्टी एवं समाहरणालय, अप्सरा प्रवीण, निम्न वर्गीय लिपिक अंचल इटखोरी को जिला स्थापना शाखा, मधुसदन वर्मा, लिपिक बाल विकास परियोजना, अतिरिक्त जिला समाज कल्याण। अनिल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक जिला समाज कल्याण को बाल विकास परियोजना, सिमरिया और राजस्व उपनिरीक्षक संवर्ग अशोक कुमार, अंचल चतरा को कान्हाचट्टी स्थानांतरित किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया है कि संबंधित कर्मियों को स्थानांतरित/ पदस्थापित/ प्रतिनियुक्त कार्यालय हेतु विरमित करना सुनिश्चित करें। कर्मियों का मई का वेतन भुगतान नव पदस्थापन कार्यालय से किया जाएगा।

# सड़क हादसे में दो घायल, एक रिम्स रेफर




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग रेलवे ओवर ब्रिज के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर बालूमाथ की ओर आ रहे थे। मिशन स्कूल के समीप रेलवे ओवर ब्रिज के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे उपेंद्र यादव, पिता सहोदर यादव, अशोक यादव, पिता बनारसी यादव, हाथ डीह घायल हो गए। वहीं तीसरा युवक सही सलामत रहा। ग्रामीणों और परिजनों ने घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉ. पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। उपेंद्र यादव का एक पैर टूट गया है। उसे डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया, जबकि दूसरे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## बारियातु में बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**बारियातु।** चतरा रांची मुख्य मार्ग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप स्थित तीन मुहान में मंगलवार रात बोलेरो व बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। लगभग सात बजे के आसपास हुई घटना में बाइक सवार राजेंद्र कुमार गंझु, पिता कनवर गंझु, बालुभांग निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार बारिखाप की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान बालुमाथ की ओर से तेज गति में विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार कुछ दूरी पर जा गिरा। सुनसान सड़क से बोलेरो चालक फरार हो गया।

## समस्या सूचना देने के बावजूद बिजली विभाग उदासीन

# खराब ट्रांसफार्मर ने बढ़ाई परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज(चतरा)**
जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा पंचायत के स्टालीनगर गांव में बिजली विभाग की निष्क्रियता के कारण बीस दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बीजली आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों द्वारा लगातार सूचना दिए जाने के बाबजूद बिजली विभाग द्वारा इस मामले पर संतोषजनक पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हंटरगंज प्रखंड के बहुत ऐसे गांव हैं जहां कहीं तार की समस्या है तो पांडेयपुरा बजार में कम वोल्टेज की समस्या तो कही खम्भो की समस्या है। ऐसे में विभागीय लापरवाही के कारण पुरा प्रखंड बिजली की समस्या से जूझ रहा है। स्टालीनगर के जले ट्रांसफार्मर से करीब सौ घर रौशन होते थे। पर विगत बीस दिनों से घोरों में अंधेरा फैला हुआ है। ग्रामीणों का कहना है बिजली न रहने से इस भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान हैं। साथ ही बच्चों की रात की पढ़ाई भी बधित है। ग्रामीणों जिले के उपायुक्त व विभाग से पहल कर जल्द जले ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करवाने की मांग की है।

## बड़ा तलाब रोड की टूटी पीसीसी दे रही है दुर्घटना को आमंत्रण



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत अंतर्गत बाजार टांड़ से बड़ा तलाब रोड की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस सड़क से कई स्कूलों की गाड़ियां और कई गांवों के राहगीरों का गुजरना लगा रहता है। सड़क की पीसीसी कई जगह टूट चुकी है, जो चार चक्के गाड़ियों के लिए बड़ा खतरा है। लेकिन जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से लेना देना नहीं है। जबकि सांसद व विधायक द्वारा प्रखंड स्तर पर प्रतिनिधि भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराया जा सके। इसके साथ सभी दलों के प्रखंड व पंचायत स्तर पर पदाधिकरी हैं, लेकिन किसी को इस समस्या से लेना देना नहीं है। ऐसे में विकास को लेकर व प्रतिनिधियों की भूमिका पर कई सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त जर्जर सड़ की मरम्मती कराने की मांग की है।

# आदर्श गांव की सड़क बदहाल, ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**
हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के पचमो गांव का आदर्श गांव के रुप में 2017 में चयन किया गया। फिर भी सड़क जैसी महत्वपूर्ण समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। जबकी संभवतः सांसाद आदर्श ग्राम के तहत चयनीत गांवों में सभी मुलभूत समस्याओं को सुचारु करते हुए हर संभव सुविधाएं सुलभ करा है। लेकिन उक्त आदर्श गांव के लोग लगातार बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीण दिलीप यादव, सनोज यादव, श्री यादव, धनंजय यादव आदि का कहना है की सड़क की समस्या उनके लिए अभिशाप बनी हुई है। इसके चलते आये दिन ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। स्थिति ऐसी है कि इस आधुनिक युक में भी गांव में सड़क के अभाव में चार पहिया वाहन नही पहुंच पाता है। जिसके चलते कभी कोई बीमार पड़ जाये तो उन्हे जैसे-तैसे नजदीक के पक्की सड़क तक जाना पड़ता है। इस गांव में करीब 200 परिवार रहते हैं। ग्रामीणों कहना है कि संबंधित विभाग के पदाधिकारी कई बार इस समस्या को लेकर मापी के लिए पहुंच चुके हैं। पर हर बार ग्रामीणों को झूठा दिलासा ही हाथ लगी है। बताते चले की 2017 में इस गांव को आदर्श गांव घोषित किया गया था, जिससे लोगो को ऐसा लगा था की अब शायद इस गांव का भला होगा, पर यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जो अदर्श ग्राम अभियान को मुह चिढ़ा रहा है।

## शांति आश्रम में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का दूसरा दिन

# 'आर्यवीरों को दिया जा रहा श्रेष्ठ व्यक्तित्व, इसी से समाज व देश का विकास संभव'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षक गोपी आर्य, देव प्रकाश आर्य के नेतृत्व में सर्वांग सुंदर व्यायाम में 16 प्रकार, संगीत के साथ 12 सूर्य नमस्कार, नियुद्धम के प्रारंभिक स्तर का अभ्यास कराया गया। योग आसन जिनमें पद्मासन, हलासन, सेतुबंध आसन, ताड़ासन, ताड़ासन, पद्मासन, शवासन का अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया गया। इसके साथ इसके उपरांत वैदिक मंत्रों के साथ हवन संध्या का अनुष्ठान किया गया।

बौद्धिक कक्षा के दौरान आर्य समाज के 10 नियमों की चर्चा की गई, जिसमें ईश्वर के गुण, कर्म और स्वभाव के बारे में बताया गया। बौद्धिक कक्षा के दौरान अर्जुन आर्य ने अनुशासन का पालन कर श्रेष्ठ एवं सभ्य व्यक्ति बन सकते हैं। समाज, राष्ट्र के विकास श्रेष्ठ व्यक्तित्व से ही संभव है। जो इस शिविर में आर्यवीरों को दिया जा रहा है। बौद्धिक कक्षा के दौरान बड़े ही उत्साह एवं आत्मीय चेतना के साथ जुड़कर प्रशिक्षुगण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजन में गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक शरचचंद्र आर्य के निर्देशन में भूषण प्रसाद, संजय चंद्र यादव, आलोक आर्य, दुर्गा प्रसाद आर्यवीर, रविंद्र दत्ता, किशन आर्य, नूतन कुमार आर्य, खुशी भारती, राजवीर चौधरी, मानसी भारती, गुप्तेश्वर गुप्ता समेत शहर के समाजसेवीजन सहयोग कर रहे हैं।





## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर पीडीजे ने की बैठक

# 573 मामले निष्पादित किए जाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत और मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के आयोजन को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में उपायुक्त -सह- डालसा उपाध्यक्ष डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलको, डालसा सचिव राजेश कुमार व निंबधक राज कल्याण उपस्थित थे। वहीं 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत और 27 मई को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पीडीजे -सह- डालसा अध्यक्ष ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रिलिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया जाय, जबकि न्यायालय स्तर पर सिविल प्रकृत्ति के सभी मामले, बिजली, सुलहनीय अपराधिक मामले, पारिवारिक मामले, भरण-पोषण, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन अधिनियम के मामले, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामलों के साथ-साथ अन्य मामलों से संबंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा। ऐसे 573 मामलों को चिन्हित किया गया है, जिसका निष्पादन न्यायालय स्तर पर किया जाएगा। मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सरकारी योजनाओं से लाभ कैसे मिले इस बात का भी मंथन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त -सह-डालसा उपाध्यक्ष ने कहा कि 27 मई को सभी प्रखंडों में 11 बजे से 3 बजे तक मेगा विधिक सशक्तिकरण का आयोजन किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इसका लाभ ले सकें। बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए स्थायी लोक अदालत से इसका हल निकालने पर बल दिया गया। बैठक में डालसा सचिव राजेश कुमार ने विभागीय स्तर पर कुछ समस्याओं को रखा जिसका निराकरण किया गया।



# दया, प्रेम व शांति का संदेश लोगों तक पहुंचाएं : बिशप स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर पारिस के संत जॉन कैथोलिक चर्च में बुधवार को पुरोहित एजेकिएल टोप्पो का पुरोहित अभिषेक समारोह का आयोजन किया गया। अभिषेक की इस धार्मिक विधि को मुख्य अनुष्ठाता रांची के महाधर्माअध्यक्ष आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने सह अनुष्ठाता बिशप थियोडोर मस्कराहनेस, गुमला धर्म प्रांत के प्रशासक फादर लीनुस पिंगल एक्का, पल्ली पुरोहित फादर रजत एक्का के सहयोग से संपन्न कराया। इस मौके पर पर अलग-अलग स्थानों से पहुंचे 40 से अधिक पुरोहितगण, धर्म बहनें एवं विश्वासीगण उपस्थित रहे।

इस बेला में मुख्य अनुष्ठाता बिशप स्वामी ने अपना संदेश देते हुए कहा कि नवअभिशिक्त फादर एजेकिएल टोप्पो समाज की सेवा करते हुए दया, प्रेम व शांति का संदेश लोगों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ उपयाजक एजेकिएल सहित समस्त पुरोहितों को स्वागत करते हुए बेदी तक लाया गया। स्वागत में युवतियों द्वारा आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। पुरोहित अभिषेक की विधि के अंतर्गत उपयाजक एजेकिएल टोप्पो का परिजनों एवं परिचितों द्वारा पारंपरिक रूप से तेल, हल्दी, तिलक लगाकर विधि संपन्न की गई। इसके उपरांत उन्हें आज्ञा पालन ब्रह्मचारी एवं सादगी के साथ अपना जीवन जीते हुए समाज की सेवा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रुप से फादर नरेश कुजूर,प्रशासक के सचिव फादर कुलदीप खलखो, फादर कोसमॉस कुजूर, फादर राजेंद्र तिर्की, फादर अजीत एक्का, फादर अदीप उपस्थित रहे।



# आईसीटी इंस्ट्रक्टर के पद पर सोनू रजा का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के मीडिया प्रभारी सादाब अंसारी उर्फ सोनू रजा का चयन रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी, कुडू में आईसीटी इंस्ट्रक्टर के पद पर हो गया है।सोनू रजा कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी मोख्तार आलम के सबसे छोटे सुपुत्र हैं। इनके सबसे बड़े भाई मुबारक हुसैन प्राथमिक विद्यालय हुरहुरी, चान्हों के प्र. प्रधानाध्यापक तथा उनसे छोटे भाई अलीरजा अंसारी राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में प्र. प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। सोनू रजा की इस सफलता पर सोसायटी के अध्यक्ष महताब आलम, महासचिव खुर्शीद अंसारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, कोषाध्यक्ष मो. नईम,सोसायटी के संस्थापक सह आजीवन संरक्षक अलीरजा अंसारी, समीद अंसारी, तबारक अंसारी, मो. जमील, नौशाद आलम, मनौव्वर अंसारी, मो. मुस्लिम, मो सज्जाद आलम,मौलाना ज्याउल हक,जसीम अंसारी,मो.सनाउल्लाह इत्यादि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## किशोर ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना के नवडीहा स्थित नवाडीह सरनाटोली निवासी 12 वर्षीय किशोर धर्मदास मुंडा ने अपने घर मे ही फांसी लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना मंगलवार की रात्रि की है। धर्मदास अपने एस्बेस्टसनुमा घर के रड के सहारे फांसी लगा ली। बुधवार की सुबह धर्मदास के परिजनों को घटना की जानकारी हुई जब वह सोकर देर तक नहीं जगा। पिता रामचंद्र मुंडा ने बताया कि उसका पुत्र नवडीहा स्थित मिशन स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। हालांकि घटना के कारणों के बावत उन्होंने इसकी कोई जानकारी नही होने की बात कही। घटना की सूचना पर एस आई विवेक श्रीवास्तव घटना स्थल पहुँच शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

# वन विभाग की छापामारी में 2 बाइक, लकड़ी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के पश्चिमी पठारी जंगलों से लकड़ी की अवैध तस्करी रोकने को लेकर चलाए गए अभियान में बुधवार को सखुआ लकड़ी का चौपहल समेत दो बाइक वन विभाग ने जब्त किया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के शाही घाट से बाइक व अवैध लकड़ी जब्त की गई है। बताया गया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को शाही घाट क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इस पर डीएफओ ने टीम बनाकर कार्रवाई की। शाही घाट में दो बाइक पर अवैध सखुआ लकड़ी की तस्करी की जा रही थी। वन विभाग की टीम को देखते ही लकड़ी तस्कर बाइक व सखुआ चौपहल छोड़कर फरार हो गए। फिलहाल, वन विभाग की ओर से अज्ञात तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय पठारी जंगलों में लकड़ी के अवैध तस्करी से जंगल समाप्त हो रहे हैं। लगातार प्रयास के बावजूद लकड़ी तस्करों का हौसला पस्त नहीं हो रहा है।



# मुर्गी पालकों के बीच चूजा वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु पालन अस्पताल एव पशु पालन उप केंद्र कंडरा में शिविर का आयोजन कर चूजा वितरण किया गया। समाज कल्याण एवं पशु पालन विभाग के संयुक्त तत्वधान में 18 लाभुकों के बीच बॉयलर मुर्गी चूजा का वितरण किया गया।

मौके पर मुख्य अथिति जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के मुर्गी पालकों को मुर्गी का चूजा दिया जा रहा है, जिसे रोजगार की प्राप्ति होगी। सभी मुर्गी पालन करने वाले किसान मुर्गी की देखभाल करें। मुर्गी पालन के लिये प्रशिक्षण की अवश्यकता है तो प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुर्गी की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है, जिसे बेचने पर मुर्गी पलकों को अच्छी आमदनी होगी। वहीं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने कहा कि प्रति लाभुकों को 500 मुर्गी की चूजा, 7 बोरा चारा, दवा और लाइट बत्ती निःशुल्क दी जा रही है। मुर्गी पालक लाभुकों को निर्देश देते हुए कहा गया कि शेड को साफ सुथरा स्थान पर बनायें और पानी की व्यवस्था रखें। बंसरी, बूटी, झखरा, मेतगढ़ा गांव के किसानों के बीच चूजा वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पशुपालन पदादिकारी डॉ. मनोज कुमार, अजय कुमार साहू, प्रमिला उरांव, विश्राम कुजूर, विनीता पन्ना उपस्थित थे।



## कार्यक्रम की तैयारी | स्थापना दिवस पर आएंगे पद्मश्री मुकुंद लाल नायक व मधु मंसूरी हंसमुख

# धूमधाम से मनाया जाएगा जिला स्थापना दिवस समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला के 40वें स्थापना दिवस (17 मई) पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु बुधवार को अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में एक बैठक पदाधिकारियों के साथ अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा में हुई।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए राज्य के दो कलाकारों पद्मश्री मुकुंद लाल नायक और मधु मंसूरी हंसमुख को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर उरांव, माननीय मंत्र, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही, सांसद धीरज प्रसाद साहू, सांसद सुदर्शन भगत, बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भी अतिथियों में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिला के स्थापना दिवस पर एक वृहद मंच का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें जेएसएलपीएस के द्वारा दरी-कालीन का स्टॉल, स्थानीय व्यंजन आदि के स्टॉल लगाये जाएंगे। कुश्ती, एथलेटिक्स, फुटबॉल व क्रिकेट के लीग/क्वार्टर/ सेमीफाइनल मैच दिनांक 13 मई से 16 मई तक आयोजित होंगे और फाईनल मैच स्थापना दिवस के दिन आयोजित होंगे। मैच समाप्ति पर सभी प्रतिस्पद्धाओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सबसे बेहतर कार्य करनेवाली सहिया, आंगनवाड़ी सेविका, शिक्षिका, एएनएम, जेएसएलपीएस सखी समूह की दीदीयां, समाज सेविका आदि को भी सम्मानित किया जाएगा। अपराह्न 3.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे जिसमें जिला के स्थानीय कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। स्थानीय कलाकारों के बाद कलाकार पद्मश्री मुकुंद लाल नायक और मधु मंसूरी हंसमुख द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी जो देर शाम तक जारी चलेगी। सम्मान समारोह व कार्यक्रम से जुड़े अन्य कार्यों के लिए विभिन्न कमिटियों का गठन किया गया और पदाधिकारियों को उनके दायित्व की जानकारी दी गई। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, स्थापना उपसमाहर्ता, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी आदि उपस्थित थे।



# किसानों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लाभुकों को प्रशिक्षक अमन सैनी द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं प्रशिक्षण के क्रम में टपक सिंचाई योजना के माध्यम से खेती करने के लिये विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टपक सिंचाई द्वारा की जा रही खेती लगे खेत का भ्रमण कराया गया। जहां पर किसान टपक सिंचाई सिस्टम से कैसे काम करते हैं। उसे विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही टपक सिंचाई कंपनी के प्रतिनिधि ने कंपनी के बारे में किसानों को बताते हुए कहा कि समय से बारिश नहीं होने से किसानों को काफी परेशानी होती है। इसके लिये टपक सिंचाई के माध्यम से किसान खेती कर पैदावार को अधिक बढ़ा सकते हैं। मौके पर बीटीएम, एटीएम एवं कृषक बलदेव महतो, सहाबीर उरांव, महेश उरांव, कार्तिक उरांव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका को एनसीएलटी की मंजूरी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलटी ने स्वीकार कर लिया है। एयरलाइन की याचिका पर एनसीएलटी ने 4 मई को सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। एनसीएलटी ने एयरलाइन को राहत देते हुए मोरेटोरियम की मांग को भी मान लिया है। मोरेटोरियम यानी लेनदार किसी भी लोन के मामले में कोई लीगल एक्शन नहीं ले सकते। लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स अपने प्लेन वापस नहीं ले पाएंगी। ट्रिब्यूनल के आदेश के अनुसार किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं की जाएगी। मैनेजमेंट का भी टेकओवर कर लिया गया है। जस्टिस रामलिंगम सुधाकर और एलएन गुप्ता की दो सदस्यीय बेंच ने कर्ज में डूबी कंपनी को चलाने के लिए अभिलाष लाल को इंटरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल यानी आइआरपी नियुक्त किया है। वो एयरलाइन को रिवाइव करने के लिए मैनेजमेंट संभालेंगे। गो फर्स्ट के सस्पेंडेड बोर्ड को नियमित खर्च के लिए 5 करोड़ रुपए भी जमा कराने होंगे। यह पहली बार है जब किसी भारतीय एयरलाइन ने खुद से ही अपने कॉन्ट्रेक्ट और कर्ज को रिनेगोशिएट करने के लिए बैंकरप्सी प्रोट्रेक्शन की मांग की है। इससे पहले सोमवार को एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने गो फर्स्ट को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा था।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**

आज यानी बुधवार (10 मई) को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 178 अंक चढ़कर 61,940 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 49 अंक की तेजी रही, ये 18,315 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में बढ़त और सिर्फ 9 में गिरावट देखने को मिली। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे चढ़कर 81.99 रुपए पर बंद हुआ। ढरव बैंक सेक्टर में गिरावट रही और ये 1.06% टूटकर बंद हुआ। दूसरे हाफ में ऑटो और रियल्टी में खरीदारी से बाजार संभला। ऑटो 0.75% और रियल्टी 0.86% चढ़कर बंद हुआ। निफ्टी में इंडसइंड बैंक का शेयर 2.77% की मजबूती के साथ टॉप गेनर रहा, जबकि वढछ का शेयर 2% गिरकर इंडेक्स में टॉप लूजर रहा। रिलैक्सो फुटवेयर्स का मार्च तिमाही में मुनाफा 62.9 करोड़ रुपए से बढ़कर 63.3 करोड़ रुपए रहा है। वहीं आय 698 करोड़ रुपए से बढ़कर 765 करोड़ रुपए पर रही है। चौथी तिमाही में कंपनी ने 2.5 रुपए प्रति शेयर अंतिम डिविडेंड का एलान किया है। एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने भी आज मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 8.2% घटकर 185.5 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है जबकि इस दौरान कंपनी की आय 16.8% बढ़कर 2,183 करोड़ रुपए रही है। भारतीय टायर निमार्ता अपोलो टायर्स लिमिटेड ने मंगलवार को चौथी तिमाही के लाभ में लगभग चार गुना वृद्धि दर्ज की।31 मार्च को समाप्त तिमाही में कंपनी का मुनाफा लगभग चौगुना होकर 427 करोड़ रुपए (52.21 मिलियन डॉलर) हो गया, जो एक साल पहले 113 करोड़ रुपए था। ऑपरेशन से अपोलो का रेवेन्यू 12% बढ़कर 6,247 करोड़ रुपए हो गया।

## बेंगलुरु में जल्द बनेगा आईफोन बनाने का प्लांट

**बेंगलुरु।** एपल इंक के पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने सोमवार को बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास देवनहल्ली एरिया में 13 मिलियन स्क्वायर फुट (1.2 मिलियन स्क्वायर मीटर) जमीन खरीद ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फॉक्सकॉन की सब्सिडियरी होन हाई टेक्नोलॉजी इंडिया मेगा डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज (छरए) को इस बात की जानकारी दी है। कंपनी ने 37 मिलियन डॉलर यानी 303 करोड़ रुपए में बेंगलुरु में यह जमीन खरीदी है। इस जमीन पर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप एक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लांट में कंपनी पार्ट्स बनाने के साथ एपल के हैंडसेट भी असेंबल करेगी। फॉक्सकॉन अपनी इस साइट को नए इलेक्ट्रिक व्हीकल बिजनेस के लिए कुछ पार्ट्स का प्रोडक्शन करने के लिए भी यूज कर सकती है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में पहले बताया गया था कि फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने लोकल प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए भारत में एक नए प्लांट पर करीब 700 मिलियन डॉलर (करीब 5.7 हजार करोड़ रुपए) का निवेश करने का प्लान बनाया है। अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण चीन से एपल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही है। जियो पॉलिटिकल टेंशन और कोरोना महामारी के बाद एपल समेत अन्य अमेरिकी टेक दिग्गज भी चीन के बाहर अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के विस्तार पर काम कर रहे हैं।

# सेंट्रल बैंक की नई योजना में मिलेगा तगड़ा रिटर्न

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की दिल्ली जोन ने कल एक टाउन हाल मीटिंग कार्यक्रम के आयोजन में सेंट सुरक्षित समृद्धि योजना की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर खुद सेंट्रल बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव पुरी थे। राजीव पुरी के अलावा जोनल चीफ जेएस साहनी, सब-जोनल चीफ पीके सामंतराय, रिजनल चीफ सैनी कालरा, रिजनल चीफ कौशिक कुमार कालरा, और रिजनल चीफ अनिल अग्निहोत्री मौजूद रहे। सेंट्रल बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव पुरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि सेंट्रल बैंक लगातार ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए बैंक डिजिटलीकरण में भी काफी निवेश कर रहा है। पुरी ने कहा कि बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप ह्यसेंटह्न एप पर यूपीआई समेत अन्य सभी जरूरी सुविधाएं देने की कोशिश की जा रही है।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी सरार्फा बाजार में सोना 265 रुपये की गिरावट के साथ 61,585 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबार में पीली धातु 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी 120 रुपये की तेजी के साथ 77,800 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली में सोने की कीमत 265 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 61,585 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है। विदेशी बाजार में सोना गिरावट के साथ 2,033 डॉलर प्रति औंस और चांदी तेजी के साथ 25.88 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी। बुधवार को एशिया के अन्य बाजारों में भी सोने की कीमत कम रही।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.-02, गढ़वा

**ई-निविदा सूचना सं0-RWD/SD/GARHWA/04/2023-24**
**POSTPONED (स्थगित)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-RWD/SD/GARHWA/04/2023-24, PR296510(Drinking Water and Sanitation)23-24*D अपरिहार्य कारण वश Postponed (स्थगित) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.-02 गढ़वा।

PR297068 (Rural Development)23-24*D

---

## कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम-पतुरा अम्बाटोली के पास से 12 पीस गम्हार बोटा, 02 पीस सागवान बोटा एवं 01 महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0-अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर विद्यासागर भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.297026 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

---

## कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक शह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

(जिला एन0सी0डी0 सेल फोन न0- 8092128557, ईमेल- npcdslohardaga@gmail.com)

**प्रतियोगिता सूचना**

31 मई 2023 विश्व तम्बाकु निशेध दिवस के अवसर पर 11 मई 2023 से 25 मई 2023 तक online/ Digital माध्यम से World No Tabacco Day (WHTD) 2023 की Theme – "We need food not tobacco" (हमें भोजन चाहिए तम्बाकु नही) विषय पर Poster/Painting/Eassy Writing Competition का आयोजन किया गया है।

प्रतिभागियो के पात्रता निम्न है:-

01 लोहरदगा जिला अन्तर्गत सरकारी/गैर सरकारी स्कुनो के कक्षा 05 से कक्षा 12 तक के छात्र/छात्राएँ हो।
02सभी प्रविश्टिया चार्ट पेपर में npcdslohardaga@gmail. com/ Whatsapp no. 8092128557 पर नाम, पत्ता, कक्षा एवं विद्यालय के नाम के साथ प्रेशित की जानी है।
03 प्रविश्टी की Size 20MB से कम नही होनी चाहिए।
04श्रेष्ठ 3 प्रविश्टियो को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जाएगां।
05अन्य 10 प्रविश्टियो को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जाएगां।

ह0/-
असैनिक शल्य चिकित्सक शह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लोहरदगा

PR297015 (Lohardaga)23-24*D

---

## कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर गुडाम पी0एफ0 से 06 पीस साल बोटा को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर विद्यासागर भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,-सह
-वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 297030 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D :-वन है,तो जीवन है-:

---

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू

(जिला भू-अर्जन शाखा)
दूरभाष (मो0) सं0- Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 (पैकेज-4)**
(विश्रामपुर से रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75 (Sec-IV) विश्रामपुर से रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा-गुरहा कला, थाना-विश्रामपुर, थाना नं0-51
पत्रांक- 292 (A)/भू0अ0, दिनांक- 06.05.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | गुरहा कला | 99 | 648 | रैयती | टांड़ | 0.2524 | 1 | सत्येश कुमार सिंह वो दिनेश कुमार सिंह वो राणा प्रताप सिंह पिता गिरजा प्रसाद सिंह वो उमेश कुमार सिंह वो सुनील कुमार सिंह पिता स्व0 इंद्रदेव सिंह | |
| कुल :- | | | | | | 0.2524 | | | |

ह0/- जिला भू-अर्जन कानुनगो, पलामू
ह0/- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू
ह0/- अपर समाहर्त्ता, पलामू
ह0/- उपायुक्त, पलामू

PR 297021 District(23-24).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.- 02 गढ़वा

**ई-निविदा सूचना सं0-RWD/SD/GARHWA/03/2023-24**
**CORRIGENDUM (शुद्धिपत्र)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0- RWD/SD/GARHWA/03/2023-24, PR 296506 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश कंडिका (क्रमांक) 03, 04 एवं 09 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व NIT के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेष कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक-04.05.2023 से दिनांक-15.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक-12.05.2023 से दिनांक-20.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक-04.05.2023 से दिनांक-18.05.2023 के स्थान पर दिनांक-12.05.2023 से दिनांक-24.05.2023 (कार्यालय अवधि तक) तक पढ़ा जाय।
9. निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 19.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 25.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.-02,गढ़वा

PR 297071 Rural Development(23-24).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- : 05/2023-24**

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :- 19.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 20.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 20.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :-

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Kitchen Cum Dining hall at S.T. Residential Boys High School, Mahuadanr Latehar. | 2423420 /- | 490 00/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 2 | होटल प्रभात विहार, नेतरहाट के रंग-रोगन एवं मरम्मति कार्य | 3881500/ - | 80000/ - | 5000/ - | 03 (Three)Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

नोटः-

1. Tender Fee 2% अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण-पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 296983 Building(23-24)#D

---

## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**
**तृतीय आमंत्रण**

**T. Reference No. :- Different Tolas SVS -23/2022-23 Date 10.05.2023**

| Group .No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVSandhas no electricity or less electricity to supply water 2000 /3000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility under J.J.M Gumla District Under D.W.&S. Div. Gumla 2023-24 | | | | |
| 01 | Tendar SVS Group of Scheme, Block: Ghaghra G- 09 | 6,10,940.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 12.05.2023/04.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 12.05.2023/04.00 PM | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 12.05.2023/04.00 PM | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 19.05.2023/03.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 19.05.2023/03.00 PM. | | | |
| 7. | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) & Place | 20.05.2023/03.00 PM. O/o Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. O/o Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Gumla. | | | |
| 8. | Date of Opening of Tender | 20.05.2023/04.30 PM. | | | |
| 9. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. | | | |
| 10. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. | | | |
| 11. | Contact No. Of Procurement Office | 06524-223058 | | | |
| 12. | Helpline No. Of e-procurement cell | 7488491963 | | | |

नोटः- 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट -http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. **Estimated Cost** की राशि घट या बढ़ सकता है तद्नुसार **Bid Security** की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.297037 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0-9
ई मेल- jepcpalamau@rediffmail.com

**सभी कोटि के विद्यालय (निजी सहित) हेतु अतिआवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिले में संचालित सभी कोटि के विद्यालयों को सूचित किया जाता है कि सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राज्य परियोजना निदेशक, रॉंची के MIS/06/2019/151 (Rastfile) 381 दिनांक 06.02.2023 के द्वारा सभी कोटि के विद्यालयों को SDMIS Data Progression एवं Children U-DISE Child Mandatory fields Data का evidyavahini.jharkhand.gov.inपोर्टल पर Updation कार्य दिनांक 04.03.2023 तक पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था एवं पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 173, दिनांक 09.02.2023 के द्वारा उक्त कार्य को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था। परन्तु अभीतक विद्यालयों के द्वारा SDMIS एवं U-DISE Child Mandatory fields का कार्य पूर्ण नही किया है, जिसमें अधिकांश निजी विद्यालय है। जिला अन्तर्गत मान्यता प्राप्त तथा गैर मान्यता प्रापत निजी विद्यालयो को बार-बार स्मारित करने के बावजूद ई-विद्यावाहिनी अंतर्गत U-DISE Child Mandatory Data का प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है, जो अत्यंत खेद का विषय है।

विदित हो कि RTE ACT 2009 की धारा 12(1)(च) के अनुसार सभी प्रकार के विद्यालयों को ससमय भारत सरकार/सक्षम प्राधिकार को ऑकड़ा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष भारत सरकार को अनिवार्य रूप से SDMIS एवं U-DISE Child Mandatoryसंबंधित ऑकड़े समर्पित करना आवश्यक है।

इस संदर्भ में दिनांक 03.05.2023 को सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड, रॉंची के द्वारा विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संबंधित कार्य को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने तथा निर्धारित अवधि तक कार्य पूर्ण नहीं होने की सिथति में निजी विद्यालयां के मान्यता रद्द करने की अनुशंसा करने हेतु निदेशित किया गया है।

वैसे सभी प्रकार के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य, सचिव एवं प्रधानाध्यापक जिन्होने अभी तक उक्त कार्य को पूर्ण नहीं किया है, को अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक 12.05.2023 तक आवयक रूप से ई-विद्यावाहिनी अंतर्गत SDMIS एवं U-DISE Child Mandatoryका त्रुटिरहित ऑकड़ा प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। ऑकड़ा प्रविष्टि के साथ-साथ SDMIS एवंCorrect data entryआवश्यक है। गलत ऑकड़ा पाए जाने पर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की बाध्यता होगी।

निर्धारित समयावधि में प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के मान्यता रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का U-DISE Code रद्द कर विद्यालय को बंद करने हेतु नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी एवं सरकारी विद्यालयों को प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 297036 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार, 11 मई, 2023



ज्ञान की बात

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से अच्छा है कि तुम स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। - गौतम बुद्ध




# कुरीतियों पर अंकुश लगे

***झारखंड*** में कई कुरीतियां व्याप्त हैं। जिसमें बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने को सरकार ने एक और कदम उठाया है। पिछले दिनों पूर्व के प्रावधानों के आधार पर बीडीओ को बाल विवाह निषेध पदाधिकारी बनाया गया था। उनसे उम्मीद की जाती थी कि वे पंचायतों, गांवों में चाइल्ड मैरिज केस को रोकने में अहम रोल निभायेंगे। अब सरकार ने इस काम में पंचायत सचिवों को भी लगा दिया है। इतना ही नहीं, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड की ओर से सभी महिला पर्यवेक्षिका, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी सीओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी डीसी और प्रमंडलीय आयुक्त के अलावा समाज कल्याण निदेशक को भी बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के तौर पर अतिरिक्त रूप से नामित किया है। इस संबंध में विभाग के स्तर से नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के तौर पर समाज कल्याण निदेशक का कार्यक्षेत्र समूचे राज्य भर में होगा। प्रमंडलीय आयुक्त संबंधित प्रमंडलीय क्षेत्र स्तर पर, डीसी संबंधित जिले स्तर पर, जिला कल्याण पदाधिकारी भी संबंधित जिला स्तर पर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। इसी तरह से सभी अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित अनुमंडल क्षेत्र में, सभी सीओ और सीडीपीओ संबंधित अंचलों में, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अपने प्रखंड में, सभी महिला पर्यवेक्षिका अपने क्षेत्राधिकार में और सभी पंचायत सचिव अपने पंचायत क्षेत्रों में बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के तौर पर अपनी भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि खनिज संपदा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड राज्य की गिनती देश के पिछड़ों राज्यों में होती है। झारखंड लंबे समय से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दंश से पीड़ित है। केंद्र सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 3 लाख 58 हजार 64 लोगों का बाल विवाह हुआ है जो कि पूरे देश के बाल विवाह का 3 प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में देशभर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में इस कुरीति को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। दूसरी तरफ यहां तो कई समस्या हैं,लेकिन हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि राज्य में बाल विवाह के साथ नाबालिग लड़कियों को बरगलाकर बेचने की कई घटनायें सामने आ रही हैं। यह दुखद हैं। लातेहार में पिछले दिनों पुलिस ने रेस्क्यू कर छह नाबालिग समेत कुल 9 लोगों को विभिन्न स्थानों से छुड़ाकर उनके परिजनों को सौंपा है। पूर्व में पुलिस ने तीन नाबालिग समेत कुल छह लोगों को मुक्त कराया था। बाद में अन्य तीन नाबालिग को मुक्त कराया है। एसपी ने इस बात की पुष्टि की है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसे तत्वों पर लगाम कैसे लगायी जाये। यह देखा जा रहा है कि राज्य के कई गरीब तबकों से आने वाली लड़कियों को बहला फुसला कर महानगरों में बेच दिया जाता है। अभावग्रस्त जीवन जीने वाले ऐसे परिवारों पर एक खास गिरोह की नजरें गड़ी रहती है। वह समय आने पर उस परिवार से सम्पर्क कर नौकरी का झांसा देकर लड़कियों को बेच देते हैं। राज्य की कई नाबालिग लड़कियां दिल्ली,मुम्बई,कोलकाता जैसे शहरों में नरक भरी जिन्दगी जीने को विवश हैं। बहरहाल ऐसी कई कुरीतियां झारखंड में पनप रही हैं। इस स्थिति में बाल विवाह और नाबालिग लड़कियों का शोषण रोकने के लिए कठोर कदम की जरूरत है।

**झारखंड लंबे समय से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दंश से पीड़ित है। केंद्र सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 3 लाख 58 हजार 64 लोगों का बाल विवाह हुआ है।**

# विमानन के क्षेत्र में हो रही है चंहुमुखी प्रगति





प्रहलाद सबनानी

***प्राचीन*** भारत का इतिहास गवाही दे रहा है कि लगभग 500 वर्ष पूर्व भी भारत का सकल घरेलू उत्पाद में वैश्विक स्तर पर लगभग 25 प्रतिशत का योगदान था एवं विदेशी व्यापार में भी भारत विश्व में प्रथम स्थान पर था। परंतु अरब आक्रांताओं एवं ब्रिटेन के शासन काल में भारत की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई एवं राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते समय तक यह रसातल तक पहुंच चुकी थी। वर्ष 1947 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पुनः सम्भलना शुरू किया एवं वर्ष 2014 के बाद से तो भारत ने आर्थिक विकास के मामले में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में प्राचीन काल में अधिकतर व्यापार समुद्रीय मार्ग के माध्यम से होता रहा है। 1000 वर्ष पूर्व भी भारत का समुद्री मार्ग विकसित अवस्था में था एवं यह दक्षिणी अफ्रीका तथा यूरोप के देशों के साथ जुड़ा हुआ था। साथ ही, लगभग 500 वर्ष पूर्व भारत में जी.टी. रोड का निर्माण हो चुका था। अतः देश में समुद्री एवं सड़क मार्ग का विकास शताब्दियों पूर्व होता रहा है, परंतु हाल ही के समय में भारत ने आधारभूत संरचना का विकास करने की जो रफ्तार पकड़ी है वह पूर्व के वर्षों में दिखाई नहीं देती है। वर्ष 2013-14 तक भारत में लगभग 75,000 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित हो पाया था, जो आज बढ़कर 150,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। भारत में प्रतिदिन लगभग 25 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बनाई जा रही हैं। सड़कों की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है, आवश्यकता पड़ने पर कुछ सड़क राजमार्ग पर तो हवाई जहाज को भी उतारा जा सकता है। इसी प्रकार हवाई मार्ग को विकसित करने का कार्य हालांकि राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के पूर्व ही प्रारम्भ हो चुका था। एयर इंडिया कम्पनी के विमान, कोलकत्ता, मुंबई, दिल्ली के साथ ही इंदौर एवं ग्वालियर जैसे शहरों की ओर भी उड़ान भरते थे। वर्ष 2014 से पहले के लगभग 50-60 वर्षों में देश में आधारभूत संरचना का विकास करने पर उतना ध्यान नहीं दिया गया, जितना पिछले नौ वर्षों के दौरान दिया गया है। इसी कारण से अब भारतीय नागरिकों की आकांक्षाएं भी बढ़ती जा रही हैं एवं कई छोटे-छोटे नगरों के नागरिक भी हवाई जहाज से यात्रा करने को लालायित हैं। हाल ही के वर्षों में नागरिक विमानन का तो एक तरह से लोकतंत्रीकरण हो गया है क्योंकि पूर्व के खंडकाल में केवल अमीर वर्ग के नागरिक ही हवाई जहाज से यात्रा के बारे में सोच सकते थे, परंतु अब तो मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग के नागरिक भी हवाई जहाज से यात्रा करने की स्थिति में आ चुके हैं। वर्ष 2013-14 में छह करोड़ नागरिकों ने हवाई यात्रा की थी जबकि समाप्त वर्ष में 14.40 करोड़ नागरिकों ने हवाई यात्रा की है। वर्तमान में रेलवे के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी एसी क्लास से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 18.50 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष है। नागरिक विमानन क्षेत्र प्रतिवर्ष 10.3 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है जबकि रेलवे की विकास दर 5.6 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। इस प्रकार अगले पांच या छह वर्षों में हवाई यात्रा करने वाले नागरिकों की संख्या रेलवे के प्रथम एवं द्वितीय एसी श्रेणी के यात्रियों की संख्या से अधिक हो जाने की पूरी सम्भावना दिखाई देती है। वर्ष 2013-14 में देश में 400 हवाई जहाज थे जिनके संख्या आज बढ़कर 700 हवाई जहाज तक पहुंच गई है। राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के उपरांत वर्ष 2013-14 तक देश में 74 एयरपोर्ट विकसित किए जा सके थे जबकि पिछले नौ वर्षों के दौरान देश में 74 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाकर आज 148 एयरपोर्ट देश में कार्यरत हैं। साथ ही, आगे आने वाले पांच वर्षों के दौरान देश में कुल एयरपोर्ट की संख्या को 200 तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आज देश के नागरिक न्यूनतम सरकारी नियंत्रण के साथ उच्च स्तर का प्रशासन चाहते हैं। जिसे कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों को इसी संदर्भ में पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की गई है। चाहे वह ग्राहकों से किराया वसूल करने की प्रक्रिया के सम्बंध में हो अथवा विभिन्न नगरों के बीच विमान की सुविधा उपलब्ध कराने का क्षेत्र हो, सरकार का कोई भी दखल इन कम्पनियों के निर्णयों पर नहीं रहता है। आज निजी क्षेत्र की भारतीय विमान कम्पनियां केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। यह भी एक तथ्य है कि अभी हाल ही में सम्पन्न किये गए ऑपरेशन गंगा के अंतर्गत यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वहां से सफलतापूर्वक निकालकर भारत में लाने में देश के रक्षा विभाग को निजी क्षेत्र की विमानन कम्पनियों ने भी सहयोग किया था। इसी प्रकार एक बार पुनः ऑपरेशन कावेरी के अंतर्गत सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक भारत में लाया गया है। इसी प्रकार से टाटा समूह की एयर इंडिया कम्पनी द्वारा 250 विमान एयरबस कम्पनी से एवं 220 विमान बोइंग कम्पनी से खरीदे जा रहे हैं। यह पूरे विश्व में ही आज तक का सबसे बड़ा विमान खरीदी सौदा माना जा रहा है। आज भारत में 14.4 करोड़ नागरिक देश के विभिन्न भागों की हवाई यात्रा करते हैं एवं 6 करोड़ नागरिक विश्व के अन्य देशों की हवाई यात्रा करते हैं। इस प्रकार, कुल मिलाकर 20.4 करोड़ नागरिक प्रतिवर्ष हवाई यात्रा कर रहे हैं। अगले पांच वर्षों के दौरान इस संख्या को 40 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जब देश में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में तेज गति से वृद्धि होने लगे तो नये विमानों की आवश्यकता तो महसूस होनी ही है। नये विमान खरीदने के साथ ही भारत में ही हवाई जहाज के इंजन निर्माण करने के उद्देश्य से विनिर्माण इकाई की स्थापना भी की जा रही है, जो अगले तीन से चार वर्षों के बीच विनिर्माण का कार्य प्रारम्भ कर देगी। एयर बस ने भी टाटा समूह के साथ बड़ोदा में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से एक अन्य विनिर्माण इकाई स्थापित करने के सम्बंध में एक करार पत्र पर हॉल ही में हस्ताक्षर किये हैं। केंद्र में मोदी सरकार द्वारा भारत के मध्यम एवं गरीब वर्ग के नागरिकों को हवाई जहाज से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई उड़ान योजना को बहुत सफलता मिली है। उड़ान योजना के अंतर्गत भारत में 1.17 करोड़ मध्यम एवं गरीब वर्ग के नागरिकों ने 1.20 लाख हवाई फेरों के माध्यम से हवाई यात्रा की है। अब छोटे-छोटे शहरों को भी विमान सुविधाएं प्राप्त बड़े नगरों एवं महानगरों के साथ जोड़ दिया गया है। अब तो देश में कई छोटे शहरों से भी विमान सेवाओं की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उड़ान यात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से पिछले छह वर्षों के दौरान 473 नए हवाई मार्ग बनाये गये हैं जो पूर्व में शायद व्यवहार ही नहीं थे।

**वर्ष 2013-14 तक भारत में लगभग 75,000 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित हो पाया था, जो आज बढ़कर 150,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। भारत में प्रतिदिन लगभग 25 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बनाई जा रही हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें केदारनाथ ज्योतिर्लिंग की कथा

***जैसा*** कि आप सभी को विदित है कि शिवपुराण के अनुसार 12 ज्योतिर्लिंग हैं। जिसमें से पांचवां ज्योतिर्लिंग केदारनाथ है। जिसे केदारेश्वर भी कहा जाता है। यह तीर्थ स्थल चार धामों में से एक है। यह उत्तराखंड राज्य में स्थित है। इसके पश्चिम की ओर मन्दाकिनी नदी बहती है। उत्तराखंड के चार धाम गंगोत्री, यमनोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ हैं। जिसमें केदारनाथ का बड़ा महत्त्व है। यह पावन तीर्थ स्थल मनमोहक पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस ज्योतिर्लिंग से जुडी दो कथाएं प्रचलित हैं। एक महाभारत और दूसरी कथा शिवपुराण के कोटिरुद्रसंहिता में वर्णित है। पहले हम कोटिरुद्रसंहिता में वर्णित कथा को जानते हैं। भगवान ब्रह्मा के पुत्र धर्म और उसकी पत्नी मूर्ती के दो पुत्र हुए थे। जिनका नाम नर और नारायण था। इन्ही नर और नारायण ने द्वापर युग में श्री कृष्ण और अर्जुन का अवतार लिया था और धर्म की स्थापना की थी। श्री भगवद्गीता के चौथे अध्याय के पांचवे श्लोक में आप इस बात की पुष्टि कर सकते हैं। ये दोनों ही पुत्र नर और नारायण बद्रीवन में स्वयं के द्वारा बनाये गये। पार्थिव शिवलिंग के सम्मुख घोर तप किया करते थे। शिव जी उन दोनों बालक से प्रसन्न होकर उनके द्वारा बनाये गए शिवलिंग में प्रतिदिन समाहित हुआ करते थे। नर और नारायण की इस घोर तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी वहां प्रकट हुए। ऐसा देखकर दोनों बहुत प्रसन्न हुए। शिव जी ने उन बालकों से कहा कि मैं तुम दोनों की तपस्या से अति प्रसन्न हूँ। जो भी वर माँगना चाहते हो मांग सकते हो। तब दोनों बालकों ने भगवान शिव जी से विनती की कि हे प्रभु ! आप तीनों लोकों का कल्याण करने वाले हैं अर्थात हम सभी के कल्याण हेतु आप यहाँ सदा के लिए लिंग रूप में विराजमान हो जाइये। आज उसी बद्रीनाथ स्थान पर शिव जी साक्षात विद्यमान हैं। *(क्रमशः)*

# मेडिकल टूरिज्म में छलांग लगाता भारत



आर.के.सिन्हा

***भारत*** को मेडिकल टुरिज्म के हब के रूप में स्थापित करने को लेकर जो कोशिशें बीते कुछ सालों से चल रही हैं उनके सुखद परिणाम अब सामने आने भी लगे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्रीपद नाईक ने हाल ही में गोवा में आयोजित जी-20 से जुड़े के एक कार्यक्रम में बताया कि पिछले साल भारत में 14 लाख विदेशी पर्यटक मात्र इलाज के लिए भारत आये। जाहिर है, इनमें वे भी शामिल हैं जो रोगियों के साथ आये थे। यह आंकड़ा ही साबित करता है कि भारत की मेडिकल सुविधाओं को लेकर दुनिया में भरोसा बढ़ रहा है। यह तो अभी शुरूआत है। अभी तो भारत को बहुत सी मंजिलों को पार करना है। आप दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई वगैरह के किसी भी प्रतिष्ठित अस्पताल में खुद जाकर देख लें। वहां आपको अनेक विदेशी रोगी और उनके परिजन बैठे मिल जायेंगे। इनमें अफ्रीकी और खाड़ी देशों के रोगियों की तादाद भी खासी रहती है। भारत में ओमन, इराक, मालदीव, यमन, उज्बेकिस्तान, सूडान वगैरह से भी रोगी आ रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान के संबंध सुधर जाएँ तो हर साल सरहद के उस पार से भी हजारों रोगी हमारे यहां इलाज के लिए आने लगेंगे। कुछ सीरियस मरीज तो अब भी आते हैं। कहना नहीं होगा कि इन रोगियों के भारत में आने से देश को अमूल्य विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है। जब भी एक रोगी भारत आता है तो उसके साथ दो-तीन रोगी की देखभाल के लिए सहयोगी भी आते हैं। ये महीनों होटलों में रहते हैं। भारत में हृदय रोग, अस्थि रोग, किडनी, लिवर ट्रांसप्लांट, आंखों और बर्न इंजरी के इलाज के लिए सबसे अधिक विदेशी रोगी आते हैं। दुनियाभर में बसे भारतवंशी भी अब यहां पर इलाज के लिए आने लगे हैं। राजधानी के अपोलो अस्पताल से जुड़े हुए मशहूर प्लास्टिक सर्जन डॉ. अनूप धीर कहते हैं कि उनके पास हर महीने कुछ विदेशी रोगी इलाज के लिए आ जाते हैं। अगर हमारे यहां भी इलाज सस्ता होता रहे तो यकीनन देश मेडिकल टुरिज्म के क्षेत्र में लंबी सफल छलांग लगाने की स्थिति में होगा। भारत के पास अत्यधिक योग्य चिकित्सा पेशेवर और अत्याधुनिक उपकरण हैं। इसके अलावा, भारत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता किये बिना अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में कम खर्चीला उपचार विकल्प प्रदान करता है। भारत में इलाज का खर्च अमेरिका के मुकाबले करीब एक चौथाई है। यदि हम इस मोर्चे पर संभल कर चले तो फिर इलाज के लिए रोगी थाईलैंड, सिंगापुर, चीन और जापान जैसे देशों की बजाय भारत का ही रुख करने लगेंगे। ये सभी देश विदेशी रोगियों को अपनी तरफ खींचने की चेष्टा तो कर ही रहे हैं। मेडिकल टुरिज्म सालाना अरबों डॉलर का कारोबार है। इस पर भारत को अपनी पकड़ मजबूत बनानी होगी। इस क्षेत्र में भारत के सामने तमाम संभावनाएं हैं। दरअसल अब सारी दुनिया के लोग बेहतर इलाज के लिए अपने देशों की सरहदों को लांघते हैं। लेकिन, अपने यहाँ भारत के अस्पतालों की साफ-सफाई और नर्सिंग व्यवस्था में सुधार तो करना ही होगा। भारत में इलाज की बेहद कम लागत, उत्तम चिकित्सा तकनीकों और उपकरणों की उपलब्धता के चलते विदेशी मरीज यहां पर इलाज के लिए आते हैं। उन्हें यहां पर भाषा की समस्या से भी ज्यादा जूझना नहीं पड़ता। यहां पर अंग्रेजी बोलने वाले हर जगह मिल ही जाते हैं। यानी विदेशों से आए रोगियों के लिए भारत एक उत्तम स्थान है। कोरोना के आने से पहले भारत में मेडिकल टुरिज्म का बाजार 9 अरब डॉलर यानी 68 हजार 400 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान था।

**आप दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई वगैरह के किसी भी प्रतिष्ठित अस्पताल में खुद जाकर देख लें। वहां आपको अनेक विदेशी रोगी और उनके परिजन बैठे मिल जायेंगे।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से

**समय इंसान को सफल नहीं बनाता समय का सही इस्तेमाल इंसान को सफल बनाता है।**

# मठों ने भी अपने राजनीतिक महत्व को साबित कर दिया



योगेश कुमार गोयल

***वर्तमान*** में कर्नाटक में करीब 650-700 मठ हैं, जिनकी प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका रही है। इन मठों का प्रदेश की जनता पर विशेष प्रभाव रहा है और यही कारण है कि प्रमुख दलों के नेता प्रदेश के विभिन्न मठों व मंदिरों में जा-जाकर माथा टेक रहे हैं। 10 मई को कर्नाटक की कुल 224 विधानसभा सीटों पर होने जा रहे विधानसभा चुनाव पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित हैं कि यहां कौन किस पर कितना भारी साबित होता है। सभी दलों द्वारा अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए हर प्रकार की कोशिशें और हर तरह की जोर आजमाइश की जा रही है। विधानसभा चुनावों में इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है, वहीं, जेडीएस भी अपना वोटबैंक बनाये रखने के भरपूर प्रयास कर रहा है। इस बार का चुनावी परिदृश्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे प्रमुख दलों- कांग्रेस, भाजपा और जेडीएस द्वारा स्थानीय समस्याओं और जमीनी मुद्दों को दरकिनार कर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण, जातिगत समीकरण, कट्टर हिन्दुत्व बनाम उदार हिन्दुत्व और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे भावनात्मक और अति राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों को ज्यादा हवा दी जा रही है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या होगा, यह तो 13 मई को पता चल ही जाएगा लेकिन इस बार जिस प्रकार लिंगायत तथा अन्य धार्मिक मुद्दे जोर-शोर से उछाले गए हैं, उसके मद्देनजर प्रदेश में जातीय अथवा सामुदायिक आधार पर स्थापित मठों की राजनीति में सक्रिय भूमिका पर नजर डालना बेहद जरूरी है। दरअसल सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं का ध्यान मठों और संतों पर केन्द्रित है और सभी दल विभिन्न मठों में जाकर संतों का समर्थन जुटाने की जुगत में लगे हैं। भाजपा हो या कांग्रेस अथवा जेडीएस, सभी राजनीतिक दल मठों के मठाधीशों की कृपा पाने के उद्देश्य से मठों में हाजिरी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिद्धगंगा मठ का दौरा कर चुके हैं जबकि गृहमंत्री अमित शाह ने वोकालिग्गा समुदाय में बहुत अहम स्थान रखने वाले श्री आदिचुंचनगिरी मठ का दौरा किया। दरअसल भाजपा वोकालिग्गा मतदातों को अपनी ओर लाने के प्रयासों में जुटी है। दूसरी ओर राहुल गांधी सहित कांग्रेसी नेता भी मठों का समर्थन हासिल करने के लिए मठों में हाजिरी लगाते रहे हैं। वर्तमान में कर्नाटक में करीब 650-700 मठ हैं, जिनकी प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका रही है। इन मठों का प्रदेश की जनता पर विशेष प्रभाव रहा है और यही कारण है कि प्रमुख दलों के नेता प्रदेश के विभिन्न मठों व मंदिरों में जा-जाकर माथा टेक रहे हैं। दरअसल कर्नाटक के ये मठ प्रदेश की राजनीति के महत्वपूर्ण केन्द्र रहे हैं और राजनीतिक तौर पर इनका भरपूर इस्तेमाल होता रहा है लेकिन प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि दोनों प्रमख दलों द्वारा ज्यादा से ज्यादा मठों को अपने पक्ष में करने की होड़-सी लगी हो और ऐसे में चुनाव के दौरान इन मठों के मठाधीशों की भूमिका पर काफी हद तक यह निर्भर करेगा कि सत्ता की चाबी किसके हाथ लगती है। कुल 30 जिलों में विभाजित कर्नाटक में 80 फीसदी से भी अधिक आबादी किसी न किसी रूप में इन मठों से जुड़ी रही है और इन मठों के लोगों पर विशेष प्रभाव का सबसे बड़ा कारण यही है कि प्रदेश में ये मठ हजारों स्कूल-कॉलेजों का संचालन करते हैं और कल्याणकारी योजनाओं के अलावा किसी भी प्रकार की आपदाओं के समय राहत गतिविधियां भी चलाते रहे हैं। यही कारण है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इन मठों की अनदेखी किया जाना संभव नहीं है।

**भाजपा वोकालिग्गा मतदातों को अपनी ओर लाने के प्रयासों में जुटी है। दूसरी ओर राहुल गांधी सहित कांग्रेसी नेता भी मठों का समर्थन हासिल करने के लिए मठों में हाजिरी लगाते रहे हैं।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए **50%** की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### राहुल और केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई सात अगस्त को

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के लिए 7 अगस्त की तारीख तय की है। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जांच और मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को निर्देश देने की मांग की गई है। दोनों नेताओं पर केंद्र सरकार के खिलाफ भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया गया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को कुछ दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया। अदालत ने मामले मामले की अगली सुनवाई सात अगस्त तय की है।

### प्राणजीत हजारिका बने प्योरसाइट सिस्टम्स के सीईओ



**नई दिल्ली।** भारत में आईरोबोट उत्पादों के वितरक प्योरसाइट सिस्टम्स ने बुधवार को प्राणजीत हजारिका को अपना नया सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि हजारिका के पास एफएमसीजी, मोबाइल हैंडसेट और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने कई प्रमुख ब्रांडों के साथ काम किया है। प्राणजीत हजारिका ने एक बयान में कहा, भारत में होम ऑटोमेशन और सफाई उत्पादों को तेजी से अपनाने के साथ, हमारे लिए अपनी उत्पाद पेशकशों का विस्तार करने और अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का एक जबरदस्त अवसर है।

### डॉ निशंक को उत्कृष्ट साहित्य के लिए ब्रिटिश संसद में मिलेगा भारत गौरव सम्मान

**नई दिल्ली।** हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार व भारत के पूर्व शिक्षामंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक को उत्कृष्ट साहित्य हेतु भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। हरिद्वार से सांसद डॉ निशंक को यह पुरस्कार 12 मई को ब्रिटिश संसद, लंदन में दिया जाना प्रस्तावित है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में डॉ निशंक अपने उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान हेतु अठारह से अधिक देशों में सम्मानित हो चुके हैं। अपनी साहित्यिक यात्रा के दौरान डॉ निशंक ने 108 से अधिक पुस्तकें प्रकशित की हैं।

# पीएम ने रखी 5,500 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला

**एजेंसी। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजस्थान के नाथद्वारा में 5,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओंकी आधारशिला रखी। भगवान श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। नेशनल हाइवे बनने से उदयपुर-डूंगरपुर और बांसवाड़ा को फायदा होगा। बिलाड़ा और जोधपुर खंड के बन जाने से सीमा तक पहुंच आसान हो जाएगी। जयपुर से जोधपुर की दूरी भी तीन घंटे कम हो जाएगी। इससे पहले मंदिर में पूजा-अर्चना कर जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है जो भारत के शौर्य व विरासत की परम्परा को संजोए हुए है। मोदी ने कहा, राजस्थान जितना बढ़ेगा, देश का विकास उतनी ही तेजी से गति पकड़ेगा। इसलिए हमारी सरकार राजस्थान में आधुनिक बुनियादी ढांचे पर सबसे ज्यादा काम कर रही है। जब मैं बुनियादी ढांचे की बात करता हूं, तो यह रेल और सड़क तक सीमित नहीं है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्च र कनेक्टिविटी बढ़ाता है और शहरों और गांवों में दूरी कम करता है, समाज में सुविधाएं बढ़ाता है और जोड़ता है। यह डिजिटल सुविधाओं को भी बढ़ाता है और लोगों के जीवन को आसान बनाता है। साथ ही, यह विरासत को बढ़ावा देते हुए विकास को गति देता है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ लोग नकारात्मकता से इतने भरे होते हैं कि उन्हें देश में कुछ भी अच्छा होता दिखाई नहीं देता, लेकिन उन्हें विवाद पैदा करना अच्छा लगता है। ऐसे लोगों के पास दीर्घकालिक दृष्टि नहीं होती। उन्होंने हर घर लाल योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों के निर्माण और रेलवे केबलों के विद्युतीकरण और पानी की पाइपलाइन बिछाने के विकास कार्यों में देरी पर भी टिप्पणी की। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मंच साझा किया।

जनसभा में गहलोत ने कहा कि राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। एक गांव से दूसरे गांव की दूरी काफी अधिक है। हम राजमार्ग और सड़कें बना रहे हैं। पहले हम गुजरात से प्रतिस्पर्धा करते थे, लेकिन अब हम गुजरात से आगे निकल गए हैं। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के संबंध में उन्होंने कहा कि इसमें केंद्रीय मध्यस्थता की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सभी एक मंच पर बैठे हैं। लोकतंत्र की सबसे अच्छी बात यह है कि सभी को बोलने का अधिकार है। आज हम (भाजपा और कांग्रेस) एक साथ बैठे हैं। लोकतंत्र में विचारधारा की लड़ाई होती है। विपक्ष का भी सम्मान होना चाहिए। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने मावली-मारवाड़ बड़ी लाइन परियोजना की आधारशिला रखी। पहले चरण में नाथद्वारा से देवगढ़ तक 82 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का उन्नयन किया जाएगा।

## पिछले 9 साल में औसतन हर महीने एक नया मेडिकल कॉलेज खुला



**आबू रोड/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले 9 साल में औसतन हर महीने एक नया मेडिकल कॉलेज खुला है। देश में पिछले 9 वर्षों में 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। 2014 से पहले लगभग 50,000 की तुलना में आज 1 लाख से अधिक एमबीबीएस सीटें हैं। पीएम राजस्थान के आबू रोड में ब्रह्म कुमारियों के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने यहां शांतिवन परिसर का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने सुपर स्पेशलिटी चैरिटेबल ग्लोबल हॉस्पिटल, शिवमणि वृद्धाश्रम के दूसरे चरण और नर्सिंग कॉलेज के विस्तार का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज हमारा पूरा देश स्वास्थ्य सुविधाओं के ट्रांसफॉर्मेशन (परिवर्तन) से गुजर रहा है। पिछले 9 वर्षों में पहली बार देश के गरीब से गरीब को भी यह एहसास हुआ है कि देश के अस्पताल उसके इलाज के लिए भी उपलब्ध हैं। इसमें एक बड़ी भूमिका आयुष्मान योजना ने निभाई है। आयुष्मान योजना ने सरकारी ही नहीं प्राइवेट अस्पतालों के दरवाजे भी गरीबों के लिए खोल दिए हैं।

### अगले महीने अमेरिका दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, राष्ट्रपति जो बाइडेन देंगे डिनर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 जून को होने वाली अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस की तरफ से बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय रात्रि भोज भी आयोजित किया जाएगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के. जीन पियरे ने एक बयान जारी करके यात्रा की घोषणा की। बयान में कहा गया, आगामी यात्रा अमेरिका तथा भारत के बीच गहरी एवं नजदीकी साझेदारी को और बढ़ाएगी, साथ ही अमेरिकियों और भारतीयों को जोड़ने वाले गर्मजोशी भरे संबंधों को भी मजबूत करेगी। प्रेस सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा दोनों देशों के स्वतंत्र, मुक्त, समृद्ध तथा सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की साझा प्रतिबद्धता तथा रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा तथा अंतरिक्ष आदि में सामरिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ाने के संकल्प को और प्रगाढ़ करेगी।

### आबकारी नीति का मामला

## अदालत 19 मई को पूरक आरोप पत्र पर विचार करेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूरक आरोप पर विचार पर सुनवाई 19 मई तक के लिए स्थगित कर दी। जांच एजेंसी ने छह मई को विशेष न्यायाधीश एम.के. राउज एवेन्यू कोर्ट के नागपाल ने कहा कि आबकारी मंत्री के रूप में आरोपी की गतिविधियों के कारण 622 करोड़ रुपये के अपराध की आय हुई। ईडी ने आरोप लगाया है कि पूरे आबकारी नीति मामले के पीछे सिसोदिया मास्टरमाइंड थे और उन्होंने जानबूझकर वित्तीय रिश्वत उत्पन्न करने के लिए नीति को सह-अभियुक्तों को लीक कर दिया था।

### मालेगांव विस्फोट मामला सुनवाई

## एक और गवाह पलटा, अभी तक 37 गवाह मुकरे

**एजेंसी। महाराष्ट्र**

भाजपा की नेता व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की कथित जान-पहचान वाला एक व्यक्ति 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व में दी गई गवाही से मुकरने वाला 37वां गवाह बन गया है। भोपाल लोकसभा सीट से सांसद ठाकुर और छह अन्य लोग मालेगांव विस्फोट मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। शुरूआत में मामले की जांच कर रही महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को दिए गए बयान के मुताबिक गवाह ने ठाकुर के किसी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और दोनों की आपस में जान-पहचान थी। बुधवार को हालांकि विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) न्यायाधीश के समक्ष गवाही देते हुए गवाह ने कहा कि वह ठाकुर को नहीं जानता है। उसने एटीएस को स्वेच्छा से कोई बयान देने की बात से भी इंकार किया। अदालत ने घोषित किया कि गवाह मुकर गया है। मामले में अभी तक 300 से ज्यादा गवाहियां हुई हैं जिनमें से 37 लोगों ने अभियोजन पक्ष का साथ नहीं दिया है। विशेष एनआईए अदालत द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, प्रज्ञा सिंह ठाकुर और पांच अन्य लोगों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों, आपराधिक षड्यंत्र और हत्या सहित अन्य मामलों में आरोप तय किए जाने के बाद मामले की सुनवाई 2018 में शुरू हुई। फिलहाल सभी आरोपी जमानत पर जेल से बाहर हैं।

### कुशीनगर में भीषण अग्निकांड

## आग लगने से चार बच्चों सहित 5 लोगों की मौत

### एक ही परिवार के सभी मृतक

**एजेंसी। कुशीनगर**

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में भीषण अग्निकांड हो गया है। जहां 6 घरों में आग लगने से 4 बच्चों सहित 5 लोगों की मौत हो गई है। सभी मृतक एक ही परिवार के है। वहीं 3 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। जिन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया है। मामला रामकोला के मठिया गांव का है। सुचना पाकर जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारी राहत बचाव कार्य व परिजनों को ढाढ़स बधाने में जुटे हैं। अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग के कारण गांव में अफरा तफरी का माहौल है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जाहिर किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## बिहार में अनियंत्रित ट्रक ने भीड़ को कुचला, 3 की मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र में बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे अस्थाई तौर पर दुकान लगाकर तरबूज बेच रहे दुकान के सामने लगी भीड़ को कुचल दिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। कुछ अन्य लोगों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस के मुताबिक, सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट के पास कुछ लोग अपने खेतों से तरबूज लाकर बेचा करते हैं और मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले इसे खरीदते हैं। बुधवार की सुबह अस्थाई तरबूज दुकानदारों के पास भीड़ लगी थी। उसी समय एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ ने लोगों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि कई लोग जख्मी है।

# नीतीश विपक्ष को एकजुट करने में जुटे

### जदयू में खुद मची है भगदड़

**एजेंसी। पटना**



बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जनता दल यूनाइटेड की प्रवक्ता रही सुहेली मेहता ने पार्टी छोड़ दी। सुहेली मेहता ऐसी एकमात्र जदयू की सदस्य नहीं हैं, जिसने पार्टी छोड़ी हो। पिछले कुछ महीनों में कई बड़े ओहदे पर रहे जदयू के नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। कहा जाने लगा है कि नीतीश की अपनी ही पार्टी में भगदड़ वाली स्थिति है और मुख्यमंत्री विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि सुहेली मेहता भाजपा का दामन थाम सकती हैं, हालांकि इसकी घोषणा अब तक नहीं की गई है। पिछले कुछ महीनों के अंदर देखे तो अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे है। मुख्यमंत्री इस अभियान के तहत विपक्षी दलों के कई नेताओं से मिल भी चुके हैं। पिछले वर्ष जदयू एनडीए से अलग होकर महागठबंधन में शामिल हुई थी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी थी। इसके बाद जदयू के संसदीय बोर्ड के प्रमुख रहे उपेंद्र कुशवाहा ने जदयू को छोड़कर अपनी अलग पार्टी बना ली।

इसके बाद पूर्व सांसद मीना सिंह ने भी जदयू को बाय-बाय बोल दी। जदयू के प्रवक्ता रहे माधव आनंद ने भी जदयू से किनारा कर लिया और अलग राह पकड़ ली। इसके अलावा जदयू के पूर्व प्रदेश शंभू नाथ सिन्हा ने भी जदयू से नाता तोड़ दिया है। राजनीति के जानकार अजय कुमार कहते हैं कि पूरी तरह यह मान लेना कि जदयू से लोगों का मोहभंग हो रहा है सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगले साल लोकसभा चुनाव है जबकि 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव है। टिकट की चाह में नेता क्षेत्रीय समीकरण को देखकर पाला बदल रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में जदयू एनडीए के साथ था। कुमार कहते है कि जदयू छोड़ने का एक कारण गुटबाजी भी है। जदयू से नाता तोड चुके आर सी पी सिंह और उपेंद्र कुशवाहा पार्टी ने बड़े नेता थे, ऐसे में उनके समर्थक भी पार्टी छोड़ रहे हैं।

वैसे, भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा कहते हैं कि जब बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार ही अप्रासंगिक हो गए हैं तो लोग उनका साथ तो छोड़ेंगे ही। उन्होंने कहा कि जदयू की नाव अब डूबने वाली है तो इसपर कौन सवारी करना चाहेगा? उन्होंने दावा किया कि अभी कई और नेता जदयू छोड़ेंगे।

## FILMY हलचल

### जान्हवी कपूर की नई फिल्म 'उलझ' का हुआ ऐलान




**जान्हवी** कपूर ने अपनी मां श्रीदेवी के नक्शेकदम पर चलते हुए अभिनय की शुरूआत की। जान्हवी ने बॉलीवुड फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए बहुत कम समय में दर्शकों का दिल जीत लिया। जाह्नवी का नाम आज भी स्टार किड्स की लिस्ट में सबसे ऊपर है। अब हाल ही में जान्हवी की नई फिल्म का ऐलान हुआ है। इसमें एक मराठी अभिनेता भी दिखाई देंगे। इसकी एक झलक हाल ही में सामने आई है। जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म का नाम 'उलझ' है। इस फिल्म में वह एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभाएंगी।

### ऋचा चड्ढा ने तीन महिला उद्यमियों को समर्थन देने का वादा किया



**बॉलीवुड** अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने कहा है कि वह उभर रहीं तीन महिला उद्यमियों को किसी भी कोर्स के लिए समर्थन देंगी, जो उनके बिजनेस को और विकसित करने के लिए उनकी स्किल को निखारने में मदद कर सकता है। अभिनेत्री ने अपनी 2022 की पहल 'अंडरकरंट लैब' के विस्तार की घोषणा की है। लैब का उद्देश्य फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं को उन विभागों में प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद के लिए टारगेट करना था जहां उनका कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। ऋचा ने कहा कि चाहे वह छोटा बिजनेस हो या बड़ा, इसके विभिन्न पहलू हैं जैसे ब्रांडिंग, मार्केटिंग, फाइनेंशियल प्लानिंग आदि, और इनके बारे में उद्यमियों को शिक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है।


### पति निक जोनस की डेटिंग हिस्ट्री पर प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की अपनी प्रतिक्रिया



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा ने कहा है कि उन्होंने अपने पति के अतीत पर ध्यान नहीं दिया, उन्होंने पहले सेलेना गोमेज, माइली साइरस और ओलिविया कल्पो की पसंद के साथ हाई-प्रोफाइल रोमांस किया था। 'कॉल हर डैडी' पोडकास्ट में उन्होंने मेजबान एलेक्स कूपर से कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने किसे डेट किया। फीमेलफर्स्ट डॉट को डॉट यूके की रिपोर्ट के अनुसार, हम भविष्य के बारे में बात कर रहे हैं.. मैं हमेशा यह कहती हूं - मैं अपनी किताब के पन्नों को नहीं पलटती। मेरा मानना है कि आप अध्यायों में आगे बढ़ते हैं। इस जोड़ी ने मई 2018 में डेटिंग शुरू की थी (उनके प्रपोज करने से दो महीने पहले और अपनी शादी से सात महीने पहले) लेकिन जब वे पहली बार एक-दूसरे के जीवन में आए, तो प्रियंका झिझक रही थीं। उन्होंने कहा, मैंने उस समय निक को डेट भी नहीं किया था क्योंकि मैं बस, जैसे, मुझे यह जानने की जरूरत है कि मैं अपनी गलतियां क्यों दोहराती रहती हूँ। और गलती को दोहराना हमेशा ऐसा महसूस कर रहा था कि मुझे कार्यवाहक बनने की जरूरत है।

### अल-कादिर ट्रस्ट केस: इमरान खान को 8 दिन की एनएबी रिमांड में भेजा गया

# अदालत ने 17 को पीटीआई प्रमुख को पेश करने का निर्देश



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की कानूनी मुश्किलें बुधवार को तब और अधिक बढ़ गईं, जब एक जवाबदेही अदालत ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में उन्हें आठ दिन की फिजिकल रिमांड पर राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) में भेज दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री खान को इस्लामाबाद पुलिस लाइंस में न्यायाधीश मोहम्मद बशीर के समक्ष पेश किया गया, जिसे मंगलवार देर रात एकबारगी व्यवस्था के तहत अदालत का दर्जा दिया गया था। न्यायाधीश बशीर ने पहले सुरक्षित रखे गए फैसले की घोषणा करते हुए एनएबी अधिकारियों को खान को 17 मई को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।

भ्रष्टाचार के मामले में एक स्वायत्त भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी एनएबी के आदेश पर इमरान खान को मंगलवार को रेंजर्स ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए रावलपिंडी के गैरीसन शहर में एनएबी कार्यालय ले जाया गया। बाद में खान की गिरफ्तारी पर सुरक्षित फैसले की घोषणा करते हुए इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी कानूनी थी। खान की कानूनी टीम ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए याचिका को खारिज कर दिया। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान को कई अदालती मामलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें आज तोशखाना मामले में भी अभ्यारोपित किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपने कार्यकाल में राज्य के उपहारों की बिक्री से आय का ठीक से खुलासा नहीं किया।

### इमरान के बाद शाह महमूद कुरैशी भी गिरफ्तार



पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पार्टी प्रमुख इमरान खान के बाद वे दूसरे बड़े नंबर के नेता हैं। इससे पहले पीटीआई के महासचिव असद उमर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इमरान खान की गिरफ्तारी के कारण हो रहे देशव्यापी विरोध के बीच सेना व पुलिस के अधिकारियों ने पीटीआई के नेताओं की धरपकड़ के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में जानकार लोगों ने बताया कि शाह महमूद कुरैशी को 'मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर ऑर्डिनेंस, 1960 की धारा 3' के तहत 15 दिनों के लिए हिरासत में लिया गया है।

### पूर्व प्रांतीय गवर्नर उमर सरफराज चीमा गिरफ्तार



**पीटीआई** के प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी के एक दिन बाद बुधवार को पंजाब प्रांत के पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा को भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान (एसीई) ने उनके घर पर छापेमारी के दौरान हिरासत में ले लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर पीटीआई नेता हम्माद अजहर ने पुष्टि की कि चीमा को बुधवार तड़के गिरफ्तार किया गया। उन्होंने प्रश्न किया कि पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा को कौन ले जा रहा है? कहां किस आरोप में वीडियो में कथित अधिकारियों को सामान्य कपड़े पहने चीमा के घर के अंदर दिखाया गया है।

# नियुक्ति की आस में दर-दर भटक रहे हैं छात्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


एक तरफ केंद्र सरकार रोजगार मेला आयोजित कर विभिन्न मंत्रालयों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए मिशन मोड में है। वहीं दूसरी ओर 2018 में विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड के खाली पदों के लिए शुरू हुई नियुक्ति प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। जिस वजह से इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया है। ऐसे में ये अभ्यर्थी सरकारी दफ्तर से लेकर नेताओं के दरवाजे पर गुहार लगाते फिर रहे हैं। दरअसल इन छात्रों का कहना है कि 2018 में रेलवे के विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन संख्या सीईएन01/2018 के तहत छात्रों से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें विभिन्न चरणों में सफल होने के बाद झारखंड के करीब 2000 छात्रों को अब तक नियुक्ति पत्र नहीं दी गई है। छात्रों का मानना है कि रिक्तियां होने के बावजूद टेक्निकल ग्रेड के पदों पर जान बूझकर विभिन्न बोर्डों के द्वारा डिमांड कम मांगकर इन छात्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जबकि अजमेर बोर्ड के द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन के आधार पर सहायक लोको पायलट जैसे पदों पर भर्ती कर ली गई है किंद्र सरकार से लेकर सांसद तक से गुहार लगाते फिर रहे हैं छात्रः इस परीक्षा में सफल होने के बावजूद नियुक्ति पत्र पाने की आस लगाए इन छात्रों ने केंद्र सरकार से लेकर झारखंड के कई सांसदों को अपनी परेशानी से अवगत कराया है। नियुक्ति की आस लगाए छात्रों का एक शिष्टमंडल राज्यसभा सांसद और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश से मिला। अपनी परेशानी से अवगत कराते हुए छात्रों ने रांची, बेगलुरु जैसे रेलवे बोर्ड पर डिमांड कम मांगे जाने की बात कही। छात्रों ने यह भी कहा कि दूसरे बोर्ड खासकर सेंट्रल रेलवे या अन्य बोर्ड में खाली पदों पर इन छात्रों को समायोजित किए जाने से इसका समाधान हो जायेगा। इस संबंध में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने छात्रों को मदद करने का समुचित आश्वासन भी दिया। इससे पहले ये छात्र सांसद संजय सेठ से भी मुलाकात कर सहयोग करने का आग्रह कर चुके हैं।

16 मई को केंद्र लगाएगा 22 राज्यों में रोजगार मेलाः इन सबके बीच केंद्र सरकार 16 मई को विभिन्न मंत्रालयों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए रोजगार मेला आयोजित करने जा रही है। यह रोजगार मेला 22 राज्यों में आयोजित होगा। इस मौके पर रोजगार अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 70000 से भी ज्यादा नई भर्तियों के नियुक्ति पत्र वितरित करने वाले हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 में रोजगार मेला योजना की शुरूआत की थी। जिसमें 75000 को नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। दूसरा रोजगार मेला 22 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया था। जिसमें लगभग 71000 नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। तीसरा रोजगार मेला इस साल 20 जनवरी और चौथा 13 अप्रैल 23 को हुआ था।

## जनता दल की बैठक कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार को समय 11:00 से झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह बैठक बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं नेता तेजस्वी प्रसाद यादव एवं झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव द्वारा निर्देश मिलने के उपरांत रखी गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर परिचर्चा। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि इस बैठक में मंत्री, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी जिला अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेता गण एवं सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेतागण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव के निर्देशानुसार बैठक में सभी की उपस्थिति अति आवश्यक है।

## जमीन घोटाला मामले में जयंत करनाड ने ईडी के समक्ष दर्ज कराया बयान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना की जमीन के वास्तविक मालिक जयंत करनाड बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इससे पूर्व जयंत को ईडी ने समन जारी कर जमीन के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। सेना की जिस जमीन को तत्कालीन रांची डीसी छवि रंजन, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और अफसर अली जैसे लोगों ने फर्जी कागजातों के आधार पर बेचा था, उसके वास्तविक मालिक जयंत हैं। जयंत के पूर्वजों ने ही लीज पर सेना को जमीन दी थी। इसके एवज में उन्हें जमीन का किराया मिलता था। पूर्व कमिश्नर नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के अनुसार, रांची में बरियातू के सेना की 4.55 एकड़ की जमीन के खतियानी रैयत प्रमोद नाथ दास गुप्ता की इकलौती बेटी सरस्वती दास गुप्ता थीं। उनके पति मंजेश्वर लक्ष्मण राव थे। सरस्वती दास और मंजेश्वर लक्ष्मण के दो संतान बीएम मुकंद राव और मालती करनाड थे। बीएम मुकुंद राव की कोई संतान नहीं हुई जबकि मालती का एक बेटा जयंत करनाड है।

# पूर्व सांसद इलाज के लिए एम्स रेफर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उम्र कैद की सजा काट रहे बिहार के महाराजगंज से तीन बार जदयू और एक बार राजद से सांसद रह चुके प्रभुनाथ सिंह व उनके भाई दीनानाथ सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर किया गया है। रिम्स मेडिकल बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। दोनों का इलाज फिलहाल रिम्स में चल रहा था। 18 अप्रैल को दोनों को हजारीबाग सेंट्रल जेल से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया गया था। 22 साल पुराने तत्कालीन विधायक अशोक सिंह की हत्या मामले में दोनों उम्र कैद की सजा काट रहे हैं। जेल प्रबंधन को दी गयी है सूचना

प्रभुनाथ सिंह की दोनों आंख में मोतियाबिंद है। यहां उनके दाहिने आंख का ऑपरेशन किया गया था। जबकि बाएं आंख के ऑपरेशन की तैयारी में चिकित्सक थे। उनके भाई दीनानाथ सिंह कैंसर से पीड़ित हैं। उनका इलाज रिम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग के चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था। इसी बीच रिम्स मेडिकल बोर्ड की टीम ने उच्चतर इलाज के लिए दोनों को एम्स रेफर कर दिया है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि एम्स रेफर करने की सूचना दे दी गई है। अब जेल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था करते हुए उन्हें बाहर ले जाया जाएगा।

## कैंप लगाकर पीएम आवास लाभुकों को लोन दिलाने का निर्देश

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एफॉर्डेबल हाउसिंग प्लान (एएचपी) घटक के तहत आवंटित आवास बनाने में लाभुकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाइट हाउस समेत अन्य प्रोजेक्ट के लाभुक बैंक लोन नहीं मिलने के कारण अपना शेयर जमा नहीं कर पा रहे हैं। बैंक द्वारा लाभुकों से आय प्रमाण पत्र समेत कई तरह के डाक्यूमेंट मांगे जा रहे हैं, जो लाभुक आसानी से जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से उन्हें लोन मिलने में देरी हो रही है। इसे लेकर नगर विकास विभाग ने सभी निकायों को निर्देश दिया है।

## सुस्मिता पाठक मैथिली कहानियों की अनुदित पुस्तक 'कथावाचक' का विद्यापति दलान पर लोकार्पण

नवीन मेल संवाददाता। रांची मैथिली की सुपरिचित कथा लेखिका सुस्मिता पाठक का बुधवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर पुस्तक 'कथावाचक' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं लहरि पत्रिका के संपादक नरेंद्र ने कहा कि सुस्मिता पाठक की कहानियों में मैथिल स्त्रियों के दारुण जीवन और सामाजिक विडंबना का आख्यान प्रमुखता से रेखांकित हुआ है। उन्होंने अपनी कहानियों में मिथिला की स्त्रियों के दुख-दैन्य का जितनी संवेदनशीलता से रेखांकन किया है, वह पाठकों को झकझोर कर रख देता है। सुप्रसिद्ध चिंतक, साहित्यकार और रांची दूरदर्शन के पूर्व केंद्र निदेशक प्रमोद झा ने कहा कि सुस्मिता जिस संवेदना के साथ पीड़ित स्त्रियों की वेदना को अपनी कथावस्तु बनाती हैं, उनकी घनीभूत पीड़ा को जिस संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त करती हैं, उससे पाठक सहज ही कथा प्रवाह में बहने लगता है। कथाकार और रांची स्थित राज्य पुस्तकालय के पूर्व अधिकारी अमरनाथ झा ने कहा कि उनके इस संग्रह की कई कहानियां याद रखने लायक हैं। कवि, कथाकार एवं संपादक केदार कानन ने कहा कि सुस्मिता की कहानियों के किरदारों, खासकर स्त्री पात्रों का दुख जितना वर्तमान का दुख है, उतना ही परंपरा के रूप में अतीत का दुख है लेकिन सुखद है कि उनके पात्रों का दृष्टिकोण भविष्य की ओर है। उनके स्त्री पात्र पुरुषों के सामाजिक वर्चस्व को प्रश्नांकित करते हैं, और जर्जर परंपरा के बोझ को उतार फेंकना चाहते हैं। लोकार्पण समारोह में कथा लेखिका सुस्मिता पाठक एवं झारखंड मैथिली मंच के सचिव वैद्यनाथ झा एवं कोषाध्यक्ष केके झा सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ई–टेंडरिंग/213–DHN–22–23: धनबाद, दिनांक 08/05/2023 यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 213–DHN–2022–23 दिनांक 31.03.2023 को प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण) पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/00271/डीएचएन/ईएजी./सी/23–24/16


### स्वच्छ भारत एवं जल जीवन मिशन योजना की धीमी गति पर बिफरे सचिव

# अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। इसे लेकर कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत जमशेदपुर चाईबासा एवं सरायकेला- खरसावां जिले में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। इसका आयोजन मंगलवार (9 मई) को सरायकेला जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटोक्लस्टर सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पेयजल विभाग के सचिव मनीष रंजन समेत आला अधिकारी शामिल हुए। योजनाओं की गति धीमी होने पर नाराजगी जताई।इन अधिकारियों की रही मौजूदगीः कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत तीन जिले और पेयजल विभाग के पांच प्रमंडल को मिलाकर आयोजित हुए समीक्षात्मक बैठक में सचिव के अलावा विभाग के संयुक्त सचिव पशुपतिनाथ मिश्र, अपर सचिव डॉ नेहा अरोड़ा, अपर सचिव राजीव रंजन, सरायकेला उपायुक्त अरवा राजकमल, डीडीसी प्रवीण गागराई, पेयजल विभाग के अभियंता प्रमुख रघुनंदन प्रसाद शर्मा समेत तीनों जिला अंतर्गत सभी प्रखंड के बीडीओ और पेयजल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।जल मिशन योजना की गति धीमीः समीक्षात्मक बैठक में पाया गया कि कोल्हान प्रमंडल में जल जीवन मिशन के तहत अधिकांश स्थानों पर योजना धीमी गति से चल रही है और अब तक केवल 30% योजनाओं को ही पूरा किया गया है। इसके अलावा पूरे राज्य में अब तक एक तिहाई घरों तक ही पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति हो रही है। विभाग के सचिव मनीष रंजन ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत राज्य भर में 29 हजार गांव के 47 लाख घरों तक पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाना है। योजनाओं में कई अड़चनें आ रही हैं। जिसमें वन विभाग का एनओसी, सड़क निर्माण, खुदाई, बिजली पोल शिफ्टिंग आदि शामिल हैं। इन्होंने बताया कि मार्च 2024 तक योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है इसे लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत गांव और पंचायतों को पानी पहुंचाए जाने की योजना की गति धीमी है। बैठक में पेयजल विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि केंद्र की महत्वकांक्षी योजनाओं में राजनीतिक दल भी आड़े आ रहे हैं। पेयजल विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने हिसाब से योजनाओं को पूरा कराने, पार्टी के लिए चंदा आदि की भी मांग की जाती है। जिससे कार्य पूरा करने में बाधा उत्पन्न हो रही है।हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निदेर्शः स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के तहत आयोजित हुए समीक्षात्मक बैठक में सचिव मनीष रंजन ने पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिया है कि वह सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में 48 घंटे के अंदर खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत करें। इसके अलावा 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम का गठन और हेल्पलाइन नंबर जारी कर प्रचारित करें ताकि लोगों को गर्मी में पेयजल की किल्लत ना हो।

## रांची में महिला मुखिया के पति की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** सिल्ली थाना पुलिस ने मुखिया सावन देवी के पति श्रवण कुमार मुंडा की हुई हत्या का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम रविन्द्र सिंह मुंडा बताया गया है। इसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में बुधवार को बताया कि पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गोड़ाडीह पंचायत की मुखिया के पति की हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि बीते नौ मई को श्रवण कुमार मुण्डा पास के तालाब में शौच करने गये थे और उनकी पत्नी घर आंगन में काम कर रही थी। इसी दौरान गांव का रविन्द्र मुण्डा आया तथा महिला का हाथ पकड़ कर बोला कि तुम हमसे बात क्यों नहीं करती हो। साथ ही अपने पास से चाकू निकालकर महिला पर हमला कर दिया। महिला जख्मी होने के बाद जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो रविन्द्र मुण्डा घर से निकलकर भाग गया। वह सीधे श्रवण कुमार के पास पहुंचा और उन्हें भी चाकू से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी श्रवण कुमार मुंडा का कुछ ही देर में मौत हो गयी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या–RWD/SD/LATEHAR/07/2022-23/RE जिसका PR NO- 287471 (Rural Development)22-23*D है तथा यह दिनांक–13.01.2023 को प्रकाशित हुई थी। उस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
PR 297057 Rural Development(23-24)#D लातेहार


# पृष्ठ एक का शेष

**रिनपास में बनेगी मेडको सीटी...**

हब के रूप में रख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में पीपीपी मॉडल पर कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सेवा होने से यहां की व्यवस्था संभालने वालों के साथ मरीजों को भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सेवा का सेटअप तैयार करें ताकि मरीजों को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस से लाकर संबंधित अस्पताल में एडमिट किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में अस्पताल समेत अन्य चिकित्सीय संस्थान स्थापित करने में कई निवेशकों ने इच्छा जताई है। यह झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहतर कदम है। यहां खुलने वाले सभी अस्पताल और चिकित्सीय संस्थान बेहतर तरीके से संचालित हों। यहां के मरीजों को उसका बेहतर लाभ मिले, इसके लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की जरूरत है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन डायरेक्टर भुवनेश प्रताप सिंह, रिनपास की निदेशक डॉ जयन्ती सिमलाय, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं वीरेंद्र प्रसाद सिंह और अर्नेस्ट एंड यंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों पर...**

जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की जनता दल (सेक्युलर) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। बेंगलुरू के कुछ मतदान केंद्रों पर शुरूआती घंटों में तेज मतदान देखा गया जहां बुजुर्ग मतदाता भी बड़ी संख्या में नजर आए।

**इन प्रमुख हस्तियों ने डाला वोट :** आज मतदान करने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा, डी वी सदानंद गौड़ा के साथ ही सिद्धरमैया और जगदीश शेट्टर, आईटी उद्योग के दिग्गज एन आर नारायण मूर्ति एवं उनकी पत्नी सुधा मूर्ति शामिल हैं। कर्नाटक में 2018 के विधानसभा चुनाव में 72.36 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के लोगों से राज्य विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने और लोकतंत्र के उत्सव को समृद्ध करने का आह्वान किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी कर्नाटक के लोगों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें और 40 प्रतिशत कमीशन' मुक्त, प्रगतिशील कर्नाटक का निर्माण करें।'' इस बीच, राज्य में कुछ स्थानों पर हिंसा की खबरें हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि विजयपुरा जिले के मसाबिनल के ग्रामीणों ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ले जा रहे एक चुनाव ड्यूटी वाहन को रोक दिया तथा एक अधिकारी के साथ मारपीट की एवं नियंत्रण और मतपत्र इकाइयों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आयोग के अनुसार इस संबंध में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**कांग्रेस-भाजपा के कुछ कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए :** पुलिस सूत्रों के अनुसार मसाबिनल गांव में यह अफवाह फैली कि अधिकारी ईवीएम और वीवीपीएटी (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीन बदल रहे हैं। पुलिस के अनुसार बेंगलुरू के पद्मनाभनगर विधानसभा क्षेत्र के पपीया गार्डन स्थित एक मतदान केंद्र पर लाठी-डंडों से लैस कुछ युवकों ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर हमला किया। बेल्लारी जिले के संजीवरायणकोट में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

**मेघालय विधानसभा उपचुनाव में...**

ओसबोर्न खरजाना, तृणमूल कांग्रेस ने स्टॉडिंगस्टार थबाह और हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने सैंडोंडोर रेनथियांग को चुनाव में खड़ा किया है। वोटों की गिनती 13 मई को होगी।

**सीएम ने की वादों के त्वरित निष्पादन की...**

आप सभी लोगों को इस बात की जरूर जानकारी दें, ताकि कोई भी व्यक्ति वकील के अभाव में न्याय मिलने से वंचित ना रहे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का एक ऐसा वर्ग है, जिनमें अधिकांश को कानून की जानकारी नहीं होती है। ऐसे में उनको न्याय दिलाना कितना कठिन होगा, इसे सहज समझा जा सकता है। आप सभी ऐसे लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करें और उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाली कानूनी सहायता की जानकारी दें, ताकि वे न्याय से वंचित ना हो पाएं।

**प्रशिक्षण में आपको स्थानीय भाषा की भी जानकारी दी जाएगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का जो भौगोलिक परिवेश है, उसमें हर जिले में अलग-अलग भाषा- भाषी, रहन सहन और बोल चाल देखने को मिलता है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में हिंदी से ज्यादा स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाएं बोली और समझी जाती हैं। ऐसे में आप जब तक स्थानीय भाषा और बोलचाल को नहीं समझेंगे, उनके साथ ना तो अच्छे से संवाद कर पाएंगे और ना ही न्याय दिला सकेंगे। आपका स्थानीय भाषा को जानना- समझना बेहद जरूरी है। इस संबंध में आपको प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय और क्षेत्रीय भाषा की भी जानकारी मिले, इस दिशा में पहल की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव-सह -गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 04/2023–24**

1.विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2.विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3.परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय:– 18.05.2023के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.05.2023के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.05.2023के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास (50 बेड) नवीनीकरण का कार्य। | 2399963 /- | 48000 /- | 5000/- | 03 (Three ) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास (100 बेड) लातेहार का जीर्णोद्वार। | 4212111 /- | 85000/ - | 5000/ - | 04 (Three )Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत डेमू के ग्राम–डेमू टोला सेमरी में ऑंनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1440500/ - | 30000/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत शीशी के ग्राम–बारियातु जागीर में ऑंनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1440500/ - | 30000/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 296984 (Building)23-24*D

# मुस्लिम खिलाड़ी को नजरअंदाज कर रहा बीसीसीआई

## 13 शतक के बावजूद नहीं मिल रही टीम में जगह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 में भारत के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा खिलाड़ी भी पूरी तरह छाए हुए हैं और इस सीजन अब तक हर एक मैच का अपना अलग ही रोमांच दिखा है। हालांकि, आईपीएल के इस रोमांच के बावजूद सभी फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों की निगाहें भारतीय टीम के आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों पर बनी हुई है। भारतीय टीम आईपीएल 2023 के खत्म होते ही अगले महीने 7 जून से 11 जून के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी और यही नहीं इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप पर भी सभी फैंस की निगाहें टिकी हुई हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए मास्टर प्लान बना चुका है और इन टूर्नामेंट्स के लिए अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों को भी तैयार करने में जुटा हुआ है। बीसीसीआई ने युवा खिलाड़ियों ईशान किशन, केएस भरत के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों अजिंक्य रहाणे, जयदेव उनादकट के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह दी है। हालांकि, युवा खिलाड़ी शुभमन गिल ने भी हाल ही में भारतीय टीम में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए नहीं चुना गया। शुभमन चाहे ही टेस्ट चैंपियनशिप में जगह नहीं बना पाए हों, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह वनडे विश्व कप के लिए बीसीसीआई की योजनाओं का हिस्सा हैं।



### डॉन ब्रेडमैन के बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दूसरे सबसे सफल खिलाड़ी

**ऑस्ट्रेलिया** के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रेडमैन के बाद सरफराज खान फर्स्ट क्लास क्रिकेट में औसत के मामले में दूसरे सबसे सफल खिलाड़ी हैं। ब्रेडमैन जिनका फर्स्ट क्लास क्रिकेट में औसत 95.14 का है, वहीं उनके बाद 79.65 की औसत के साथ दूसरा नंबर सरफराज खान का आता है। इसके अलावा पिछले दो-तीन साल से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बल्ला खूब गरज रहा है। 2019-20 सीजन में वह 155 की औसत से 928 रन बना चुके हैं, जबकि 2021-22 सीजन में 123 की औसत से 900 से अधिक रन बनाए हैं।

### सरफराज के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 13 शतक, करीब 80 की औसत से बना रहे रन



**सरफराज** खान के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 37 मैचों की 54 पारियों में 79.65 की औसत से कुल 3505 रन दर्ज हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज 13 शतक और 9 अर्धशतक लगा चुके हैं, लेकिन इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद इस खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिल रही। भारतीय टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी और इस सीरीज में सरफराज के साथ फैंस को भी पूरी उम्मीद थी कि उन्हें भारतीय टीम में चुना जाएगा, लेकिन भारतीय टीम में जगह ना मिलने परसरफराज साथ-साथ फैंस ने भी निराशा व्यक्त की थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के दौरान युवा खिलाड़ी श्रेयस अय्यर जो भारतीय टीम का हिस्सा थे, जब वह चोटिल हो गए तो फिर यह कहा जाना लगा कि सरफराज को उनकी जगह टीम में मौका मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं हाल ही में जब भारतीय अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल के दौरान चोटिल हो गए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से बाहर हो गए तो फैंस इस बार पक्का मान चुके थे कि सरफराज को भारतीय टीम में मौका जरूर मिलेगा, लेकिन बीसीसीआई ने राहुल के रिप्लेसमेंट के तौर पर ईशान किशन को टीम में जगह दी और सरफराज के हाथ एक बार फिर निराशा लगी।

# ट्रेंट बोल्ट को अब भी विश्व कप टीम का हिस्सा होने की उम्मीद

**एजेंसी। जयपुर**

न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को अब भी उम्मीद है कि वह इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में खेल पाएंगे। वह न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट भी खेलना चाहते हैं, जो कि उनका सबसे प्रिय फॉर्मेट है। पिछले साल अगस्त में उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से खुद को मुक्त करने की गुजारिश की थी, जिसे बोर्ड ने मान भी लिया था। तब उन्होंने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर के फ्रैंचाइजी क्रिकेट के लिए अधिक से अधिक उपलब्ध रहने की बात कही थी। नवंबर 2022 में हुए टी20 विश्व कप के बाद से बोल्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। टेस्ट क्रिकेट खेले हुए उनको एक साल से अधिक समय हो गया है, जबकि उन्होंने आखिरी वनडे सितंबर 2022 में खेला था।



जयपुर में ईएसपीएनक्रिकइंफो को दिए एक इंटरव्यू में बोल्ट ने कहा, मैं न्यूजीलैंड के लिए अब भी खेलना चाहता हूं और यह मेरी एक 'बड़ी इच्छा' है। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं 13 साल तक न्यूजीलैंड क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करता रहा और आगे भी मेरी इच्छा है कि मैं विश्व कप खेलूं। देखते हैं कि आगे क्या होता है। उन्होंने आगे कहा, 2019 विश्व कप फाइनल में मिली हार के बाद मैंने कप्तान केन (विलियमसन) से कहा था कि 2023 में हम इस कप को जीतेंगे। हम एक बेहतरीन वनडे टीम हैं। हमारे पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारत का दौरा किया है और उन्हें यहां की परिस्थितियों का अंदाजा है। अनुभव ही विश्व कप में काम आता है और आप अनुभव को खरीद नहीं सकते। आपको उन खिलाड़ियों का विकल्प नहीं मिलेगा, जो सालों से भारत का दौरा करते आए हों।

बोल्ट को यह भी उम्मीद है कि उन्हें उनके फेवरिट फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट में भी खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को अगले साल न्यूजीलैंड का दौरा करना है और मैं उसमें खेलने की इच्छा रखता हूं। टेस्ट क्रिकेट अब भी मेरा सबसे प्रिय फॉर्मेट है। मैंने लगभग 80 टेस्ट मैच खेले हैं और यह अनुभव शानदार रहा है। हालांकि मुझे पता है कि यह आसान नहीं होने वाला है क्योंकि उन्होंने मुझसे कहा था कि अगर आप अनुबंध नहीं जारी रखते हो तो आपकी टेस्ट क्रिकेट खेलने की संभावनाएं बहुत ही सीमित हो जाएंगी।

# चेन्नई ने दिल्ली को 168 रनों का दिया लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 55वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 168 रन का टारगेट दिया है। जवाब में दिल्ली ने 16 ओवर में पांच विकेट पर 97 रन बना लिए हैं। रिपल पटेल और अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। राइली रूसो 35 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रवींद्र जडेजा ने पथिराना के हाथों कैच कराया। मनीष पांडेय 27 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पथिराना ने छइह कर दिया। इससे पहले, मिचेल मार्श 5 के निजी स्कोर पर रनआउट हो गए। पहलाः दीपक चाहर ने पहले ओवर की पहली बॉल पर डेविड वॉर्नर को अजिंक्य रहाणे के हाथों कैच कराया। दूसरा : तीसरे ओवर की तीसरी बॉल पर दीपक चाहर ने सॉल्ट को रायडु के हाथों कैच कराया। तीसराः चौथे ओवर की पहली बॉल पर मिचेल मार्श रनआउट हो गए। चौथाः 13वें ओवर की आखिरी बॉल पर पथिराना ने मनीष पांडेय को छइह कर दिया। पांचवांः 15वें ओवर की दूसरी बॉल पर रवींद्र जडेजा ने राइली रूसो को पथिराना के हाथों कैच कराया। पांडेय-रूसो की अर्धशतकीय साझेदारी 25 रन पर टॉप-3 विकेट गंवाने के बाद मनीष पांडेय और राइली रूसो ने चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। दोनों ने 59 बॉल पर 59 रन जोड़े। इस साझेदारी को पथिराना ने पांडेय को आउट कर तोड़ा। 168 रन का टारगेट चेज करने उतरी दिल्ली को पारी की पहली ही बॉल पर झटका लगा। टीम ने 6 ओवर में 47 रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान डेविड वॉर्नर जीरो, फिल सॉल्ट 17 रन और मिचेल मार्श 5 रन पर आउट हुए। टीम को दोनों झटके दीपक चाहर ने दिए। मिचेल मार्श ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए। मार्श को आखिरी दो विकेट 20वें ओवर में मिले। इनमें जडेजा और धोनी शामिल रहे। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा ने आखिरी ओवर्स में 38 रन की विस्फोटक साझेदारी की। दोनों ने 18 बॉल का सामना किया। इस साझेदारी को मिचेल मार्श को तोड़ा। उन्होंने जडेजा का विकेट लिया।चेन्नई की शुरूआत औसत रही। टीम ने पावरप्ले में एक विकेट खोकर 49 रन ही बनाए। डेवेन कॉन्वे 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने चलता किया।

# रोनाल्डो के बाद मेसी भी सउदी अरब के क्लब से खेलेंगे



**बार्सिलोना।** अर्जेंटीना के कप्तान और फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब से खेलने वाले स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी अब सऊदी अरब के अल-हिलाल क्लब से खेलेंगे। मेसी साल 2021 में स्पेन के बार्सिलोना क्लब को छोड़कर पीएसजी गये थे पर वहां भी उनके मतभेद हो गये। ऐसे में अब वह वह सऊदी अरब के अल-हिलाल क्लब के साथ 522 मिलियन यूरो करीब 4 अरब 70 करोड़ में एक करार करने जा रहे हैं। इससे पहले पुर्तगाल के कप्तान और उनके प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी सऊदी अरब के ही अल नस्त्र क्लब चले गये थे। ऐसे में अब यहां दोनो के बीच फिर रोमांचक टक्कर देखने को मिलेगी। मेसी पर उनके क्लब पीएसजी ने सऊदी अरब जाने पर दो सप्ताह की रोक लगायी हुई है। इसका कारण है कि मेसी क्लब को बताये बिना ही सऊदी अरब चले गए थे। इस कारण वह एक अभ्यास सत्र से भी बाहर हो गये थे।

# 14 को राष्ट्रीय खेलों के 'लोगो' का अनावरण किया जाएगा

**एजेंसी। पणजी**

गोवा के खेल मंत्री गोविंद गावड़े ने बुधवार को कहा कि 37वें राष्ट्रीय खेलों के लोगो का अनावरण 14 मई को तटीय राज्य के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। गावड़े ने यहां संवाददाताओं से कहा, गोवा अक्टूबर में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है। हमारा पहला कार्यक्रम, जो खेलों का लोगो लॉन्च करने का है, 14 मई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा था कि 37वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया था कि वे अपने बच्चों को खेलों को देखने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे प्रेरित हो सकें।

सावंत ने कहा, अक्टूबर में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। जल्द ही तारीखों को अंतिम रूप दिया जाएगा। हमारी कोशिश युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने की है। लेकिन माता-पिता को भी अपने बच्चों को खेल देखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि उन्हें प्रेरणा मिले। सावंत ने कहा था कि अक्टूबर 2023 में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सावंत ने कहा था, यहां खेल का माहौल बनाने के लिए गोवा के खेल संघों को भरोसे में लिया जा रहा है। सावंत ने कहा था, खेल पर्यटन पर्यटन के क्षेत्र में हमारी अगली गतिविधि है। हम भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर खेल आयोजनों में मदद करेंगे क्योंकि हमारे पास राष्ट्रीय खेलों के बाद बुनियादी ढांचा तैयार होगा।

### वनडे विश्व कप : भारत-पाक मैच की तारीख आई सामने

# वानखेड़े में होगा सेमीफाइनल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वनडे विश्व कप 2023 अक्टूबर और नवंबर में भारत में खेला जाएगा। इस बीच ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मैचों को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा और इसके लिए जगह चेन्नई हो सकती है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान 15 अक्टूबर को आमने-सामने होंगे।

इस बीच, टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत नहीं होगा क्योंकि पहला मैच 2019 के विजेता इंग्लैंड और उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। विशेष रूप से, बीसीसीआई ने अभी तक इसके लिए शेड्यूल जारी नहीं किया है।

**सामने आई 5 खास बातें**

- 15 अक्टूबर को भारत बनाम पाकिस्तान की टक्कर।
- अहमदाबाद में उद्घाटन मैच और फाइनल मैच।
- 5 अक्टूबर को इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड के बीच ओपनिंग मैच।
- भारत अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेल सकता है।
- वानखेड़े सेमीफाइनल की मेजबानी कर सकता है।

# भारत ने महिला जूनियर एशिया कप के लिए टीम घोषित की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने दो जून से जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत को कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग और इंडोनेशिया शामिल हैं। जूनियर एशिया का भारत के लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि इसमें शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रीति भारतीय टीम की कमान संभालेंगी जबकि दीपिका को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया की यहां जारी विज्ञप्ति में भारत की मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने कहा, जूनियर एशिया कप के लिए 18 खिलाड़ियों का चयन करना आसान नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि हमने सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और यह इन युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना कौशल दिखाने का शानदार मौका है। भारत तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा और इसके बाद मलेशिया, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ मैच खेलेगा। सेमीफाइनल 10 जून को और फाइनल 11 जून को होगा।

# सीएसके ने हाथी की देखभाल करने वाले को किया सम्मानित

**एजेंसी। चेन्नई**

आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने यहां एक विशेष कार्यक्रम में वास्तविक जीवन के नायकों हाथी की देखभाल करने वाले बोमन और बेली तथा ऑस्कर विजेता फिल्म निमार्ता कार्तिकी गोंजाल्वेस को सम्मानित किया। चेन्नई टीम के कप्तान एमएस धोनी ने मंगलवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में प्रशिक्षण के बाद तीनों को सीएसके जर्सी भेंट की। इसके अतिरिक्त, चेन्नई सुपर किंग्स बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले स्टेडियम में देखभाल करने वाले इस जोड़े और फिल्म निमार्ता के लिए एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित करेगा। चेन्नई सुपर किंग्स की मालिक रूपा गुरुनाथ, चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट लिमिटेड के सीईओ केएस विश्वनाथन के साथ स्मृति चिन्ह सौंपेंगी। सीएसके हाथियों के कल्याण के लिए मुदुमलाई टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन को एक चेक भी भेंट करेगा। हम अपने हाथियों की देखभाल करने वाले बोमन और बेली को कार्तिकी के साथ सम्मानित कर बहुत खुश हैं, जिनकी दिल को छू लेने वाली कहानी दूर-दूर तक पहुंची है। यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे अपने लोग वैश्विक स्तर पर पहुंच गए हैं।




## आईपीएल 2023 | आरसीबी के खिलाफ 7 रन पर आउट हुए रोहित

# उम्मीद है कि जल्द रन बनाएंगे : बांगर

**एजेंसी। मुंबई**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच संजय बांगर को उम्मीद है कि भारत और मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले फॉर्म में वापसी करने में सफल रहेंगे। रोहित आरसीबी के खिलाफ केवल सात रन बना पाए। यह आईपीएल में लगातार पांचवा अवसर था जबकि वह दहाई के अंक तक नहीं पहुंचे। उन्होंने आईपीएल के वर्तमान सत्र में अभी तक 11 मैचों में 17.36 की औसत से केवल 191 रन बनाए हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल लंदन के ओवल में सात जून से खेला जाएगा। बांगर ने आरसीबी की मुंबई के हाथों हार के बाद संवाददाता सम्मेलन में रोहित की खराब फॉर्म के बारे में पूछे जाने पर कहा, वह (रोहित) लंबे समय से खेल रहा है तथा भारत की सभी प्रारूपों के अलावा फ्रेंचाइजी की तरफ से भी कप्तानी कर रहा है। इसका भावनात्मक प्रभाव पड़ता है। यह मानसिक रूप से थकाने वाला भी होता है। उन्होंने कहा, लेकिन वह इस बात को जानता है क्योंकि वह लंबे समय से ऐसी भूमिका निभा रहा है। मुंबई इंडियंस और भारतीय क्रिकेट की खातिर हम सभी उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द हमेशा की तरह रन बनाने लगें। यह भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है कि वह पहले की तरह रन बनाएं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करें। बांगर ने कहा कि वह रोहित की फॉर्म के बारे में ज्यादा नहीं बता सकते क्योंकि आईपीएल में उन्होंने उन्हें केवल एक मैच में खेलते हुए देखा है। उन्होंने कहा, आईपीएल जैसे कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले टूर्नामेंट में एक कप्तान को टीम के लिए रणनीति बनाने के लिए जो ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है, हो सकता है कि उसका असर भी रोहित की बल्लेबाजी फॉर्म पर पड़ा हो।



### सूर्यकुमार आरसीबी के गेंदबाजों के साथ खिलवाड़ कर रहे थे : गावस्कर



**वानखेड़े** स्टेडियम में एमआई और आरसीबी के बीच प्रतिद्वंद्विता ने मंगलवार की रात दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, क्योंकि एमआई ने आईपीएल 2023 में लगातार तीसरी बार 200 के लक्ष्य का सफल पीछा किया। सनसनीखेज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बल्ले से अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और 35 गेंदों में 83 रन की तेजतर्रार पारी खेली और युवा नेहाल वढेरा ने भी सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा। दोनों ने 140 रनों की साझेदारी कर मुम्बई को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

